

दैनिक
सुप्रभात रायपुर
आम आदमी का खास अखबार
# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 169 रायपुर, सोमवार, 07 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

मां का किरदार निभाते समय... 6

सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...






# महानदी उफान पर, हीराकुंड डेम के 12 गेट खुले



**एजेंसी, संबलपुर**

लगातार बारिश और छत्तीसगढ़ से बढ़ते जल प्रवाह के कारण, हीराकुद बांध के अधिकारियों ने रविवार को जलाशय के बढ़ते जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए इस मौसम का पहला बाढ़ का पानी छोड़ना शुरू किया.

सुबह स्लुइस गेट नंबर 7 को खोलकर पानी छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसके बाद अतिरिक्त पानी निकालने के लिए कुल 12 गेट खोल दिए गए. बांध के नियंत्रण कक्ष के अनुसार, सुबह 9 बजे जल स्तर 609.54 फीट दर्ज किया गया.

उस समय जलाशय में 1,30,028 क्यूसेक पानी आ रहा था, जबकि 38,164 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था. इस कुल डिस्चार्ज में से 34,313 क्यूसेक पानी से बिजली उत्पादन हेतु पावर चैनल के माध्यम से डायवर्ट किया गया, 3,223 क्यूसेक पानी सिंचाई के लिए तथा 234 क्यूसेक पानी औद्योगिक इकाइयों को आपूर्ति के लिए दिया गया.

अधिकारियों के अनुसार, सिंचाई हेतु पानी बरगढ़ मुख्य नहर (2,755 क्यूसेक), सासन मुख्य नहर (400 क्यूसेक) और संबलपुर डिस्ट्रीब्यूटरी (68 क्यूसेक) में भेजा गया.

## 33 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी



मौसम विभाग ने प्रदेश के 33 जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसमें 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और बाकी क्षेत्रों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। जांजगीर–चांपा, रायगढ़, कोरबा, जशपुर, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तेज गरज–चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती हैं।

## कोरबा बारिश से बेहाल



छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर में लगातार हो रही बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है. हालात इतने बदतर हैं कि कई बस्तियों में लोग रातभर जागकर घरों से गंदा पानी बाहर फेंकने को मजबूर हैं.

वार्ड क्रमांक 13 के न्यू अमरिया पारा और चिमनीभठा बस्ती में पिछले तीन दिनों से नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है. यहां के निवासी परेशान और गुस्से में हैं. लोगों का कहना है कि झमाझम बारिश से गलियों और घरों में पानी भर गया है, जिससे घरों में बदबू और मच्छरों का आतंक फैल गया है. कई परिवार रातभर सो नहीं पा रहे हैं.

## पीएम नरेन्द्र मोदी ब्राजील पहुंचे
# 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी अपने आठ दिवसीय पांच देशों की विदेश यात्रा के चौथे चरण में ब्राजील पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री रविवार अल सुबह ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो पहुंचे। पीएम मोदी यहां 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गैलियो के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। सांस्कृतिक नृत्य और वैदिक मंत्रों के बीच भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया।

ब्राजील पहुंचने की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गया हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा और फिर राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा के लिए इसकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इस यात्रा के दौरान बैठकों और बातचीत के एक सार्थक दौर की उम्मीद है।

### बच्चे को दुलारते दिखे पीएम मोदी

ब्राजील में पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीय लोगों से मुलाकात के दौरान



एक बच्चे को भी दुलारा। प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर इन प्रवासियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इनमें कुछ लोगों ने पीएम मोदी को शॉल–गमछा जैसा वस्त्र भी उपहार में दिया।

### भारतीय समुदाय ने पारंपरिक अंदाज में किया पीएम मोदी का स्वागत

चौथी बार ब्राजील दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से उत्साहित भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर लिखा पोस्टर भी ले रखा था। महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नृत्य के जरिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया। रियो डी जेनेरियो में आयोजित इस स्वागत समारोह में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ को केन्द्र ने बंगाल खाली करने दिए निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश रहे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को रिटायर हुए आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन वे अब भी सरकारी बंगले में रह रहे हैं। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तत्काल कार्रवाई कर बंगला खाली कराने का निर्देश दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मंत्रालय को लिखा पत्र

1 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला नंबर 5 को तत्काल खाली कराने की मांग की। पत्र में कहा गया है कि सेवा निवृत्ति के बाद पूर्व CJI को नियम 3बी के तहत अधिकतम 6 महीने तक बंगले



में रहने की अनुमति थी, जो 10 मई 2025 को समाप्त हो गई। इसके बाद उन्हें 31 मई तक की अतिरिक्त मोहलत दी गई थी, जो अब बीत चुकी है।

### क्या है मामला?

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ नवंबर 2022 से नवंबर 2024 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहे। 10 नवंबर 2024 को सेवानिवृत्त होने के बाद वे अब तक टाइप–8 श्रेणी के बंगले में रह रहे हैं। नियमानुसार, सेवानिवृत्त CJI को 6 महीने के भीतर आवास खाली करना होता है।

## ICAI CA रिजल्ट जारी
# रायपुर के 5 छात्रों ने किया कमाल




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए मई 2025 की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में देशभर के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें रायपुर के छात्रों ने भी प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस बार राजन काबरा ने फाइनल परीक्षा में देशभर में टॉप किया है और ᷊ढ्ढक्र–1 हासिल की है। वहीं रायपुर के पांच छात्रों ने ष्ट की परीक्षा पास कर शहर का नाम रोशन किया है।

ICAI रायपुर ब्रांच के अनुसार, इन सभी छात्रों ने कठिन माने जाने वाले CA फाइनल एग्जाम को सफलतापूर्वक पास कर लिया है और अब वे प्रोफेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बन चुके हैं।

### रायपुर के इन छात्रों ने पास की CA फाइनल परीक्षा

राम केसवानी (रोल नंबर: 180124)
आदित्य सिंघानिया (रोल नंबर: 180004)
लिपि जैन (रोल नंबर: 180053)
बुरहानुद्दीन मुर्तुजा हवेलीवाला (रोल नंबर: 180036)
तनीषा अग्रवाल (रोल नंबर: 179988)

### परीक्षा परिणाम में कठिनाई का स्तर रहा ऊंचा

CA फाइनल मई 2025 परीक्षा का परिणाम दर्शाता है कि इस बार परीक्षा का स्तर चुनौतीपूर्ण रहा।

ग्रुप 1 का पास प्रतिशत रहा 22.38%

ग्रुप 2 में पास हुए 26.43% उम्मीदवार

जबकि दोनों ग्रुप एक साथ पास करने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा सिर्फ 18.75% रहा।

## द्रोणिका के असर से प्रदेश में होगी भारी वर्षा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, सिरसा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, बांकुरा, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है।

एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## नक्सलियों को ड्रोन सप्लाई और ट्रेनिंग देने वाला गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी NIA ने एक ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी की है जो नक्सलियों को ड्रोन की सप्लाई किया करता था। एनआईए के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मथुरा के एक व्यक्ति ने नक्सलियों को ड्रोन की आपूर्ति की थी और उन्हें उपकरण चलाने तथा नक्सल प्रभावित राज्यों के वन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने का प्रशिक्षण भी दिया था। इस व्यक्ति को प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) से संबंध रखने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 29 जून को दिल्ली में गिरफ्तार किया था।

अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान विशाल सिंह नाम के इस व्यक्ति ने खुलासा किया कि वह पिछले सात वर्षों से घने जंगलों में ड्रोन की आपूर्ति और परिचालन



का प्रशिक्षण दे रहा था।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि सीपीआई (माओवादी) उत्तरी क्षेत्र ब्यूरो (एनआरबी) को एक्सपर्ट बनाने के मुख्य आरोपी विशाल सिंह ने बिहार के छकरबंदा– पचरुखिया वन क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन के नेताओं को ड्रोन दिए थे।

### नक्सली संगठनों की बैठक में भी लेता था हिस्सा

अधिकारियों ने आगे बताया कि सिंह ने भाकपा (माओवादी) के कैडरों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया था और 2019 में बिहार के वन क्षेत्रों में इसने केंद्रीय समिति के सदस्यों के साथ बैठकों में भी भाग लिया था।

एनआईए अधिकारियों ने बताया




# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 51 लोगों की मौत



**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास में अचानक आई बाढ़ से अब तक 51 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने बताया कि टेक्सास हिल कंट्री में सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। ग्वाडालूप नदी के किनारे पानी का बहाव बहुत तेज हो गया, जिससे कई घर एवं कैंप तबाह हो गए। इस हादसे के कारण कई लोग लापता बताए जा रहे हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, नदी के आस पास वाले इलाके में महीने भर की बारिश कुछ ही घंटों में हो गई, जिसके कारण नदीं का पानी 29 फीट ऊपर पहुंच गया और यह भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई। बता दें कि इस भयाववह बाढ़ के कारण अब तक 51 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 15 बच्चे भी शामिल हैं। अचानक आई इस बाढ़ की घटना में अभी भी कई लोग लापता हैं।

लापता होने वालों मलोगों में कैंप मिस्टिक समर कैंप जाने वाली 27 लड़कियां भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, मृतकों में से अभी भी 8 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। इसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार का कहना कि लापता लोगों के तलाश के लिए रेस्क्यू टीम अपना काम कर रहे हैं। अभी तक 850 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है।



## भारत ने रूस के साथ Tu-160रू बॉम्बर की डील की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अपने सबसे भरोसे मित्र रूस के साथ भारत ने बड़ा रक्षा करार किया है। भारत ने रूस के साथ Tu–160M बॉम्बर की डील की है। पाकिस्तान और चीन के आक्रमक रुख को देखते हुए इंडिया ने कई रक्षा समझौता रूसे से किया है। इनमें से एक डील Tu–160रू बॉम्बर को लेकर भी है। ब्रह्मोस समेत कई अत्याधुनिक मिसाइल से लैस इस बॉम्बर के भारतीय बेड़े में शामिल होते ही पाकिस्तान और चीन की 'हार्ट बीट' बढ़ जाएगी। ये बॉम्बर काफी खतरनाक है। इसकी टक्कर का बॉम्बर न तो पाकिस्तान के पास है और न चीन के पास है।

## एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे शहादत मामला
# 7 संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे शहादत मामले में SIA ने बस्तर के कोंटा से 7 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। संदेहियों के पास आंध्र प्रदेश के सिमकार्ड लगे मोबाइल फोन मिले हैं।

एसआईए ने जिन संदेहियों को हिरासत में लिया है, उनसे गोपनीय स्थान में पूछताछ की जा रही है, उनके मोबाइल फोन से माओवादियों को पुलिस की गतिविधियों की जानकारी देने का खुलासा हुआ है। पूछताछ के जरिए घटना के मास्टरमाइंड तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते 9 जून को सुकमा जिले के कोन्टा–गोलापल्ली मार्ग पर पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा जलाये गए मशीनों का अवलोकन करने गई थी। इसी दौरान घटनास्थल पर नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गए आईईडी बम की चपेट में आने से एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपुंजे मौके पर ही शहीद हो गए, वहीं एसडीओपी कोंटा भानु प्रताप चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले की जांच और दोषियों कों पकड़ने का काम तेजी से चल रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

राजधानी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी। रायपुर के शारदा चौंक स्थित परम श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि भारत माता के इस वीर पुत्र का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। इनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बंगाल में एक शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी के रूप में प्रसिद्ध थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक होने के पश्चात डॉ मुखर्जी 1923 में सेनेट के सदस्य बने। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात 1924 में उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। 1926 में उन्होंने इंग्लैंड के लिए प्रस्थान किया जहां



लिंकन्स इन कॉलेज से 1927 में बैरिस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की।

दक्षिण विधान सभा के विधायक सुनील सोनी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कश्मीर में परमिट सिस्टम का विरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि डॉ मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी के रूप में वे अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा सामान रूप से सम्मानित थे। एक महान देशभक्त और संसद शिष्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता है।

इस अवसर पर रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल,दक्षिण विधान सभा के विधायक सुनील सोनी,उत्तर विधान सभा विधायक पुरंदर मिश्रा,पश्चिम विधान सभा विधायक राजेश मूणत ,भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर,नगर पालिक निगम रायपुर महापौर मीनल चौबे,सभा पति सूर्यकांत राठौड़,सत्यम दुआ, पार्षद जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा,द्वद्व मेंबर पार्षद अमर गिदवानी,द्वद्व मेंबर पार्षद अवतार बागल,जोन 10 अध्यक्ष पार्षद सचिन मेघानी,सुभाष अग्रवाल,सोनू सलूजा, मृत्युंजय दुबे, पार्षद महेंद्र कोड़ियार,अकबर अली,भारती बागल,रमेश शर्मा,शंकर नगर मंडल के अध्यक्ष राम प्रजापति, छगन मूंदड़ा,अमरजीत चावला,जितेंद्र गडेचा,दलविंदर सिंह बेदी,अनुप खेलकर,गीता रेड्डी,नीलू तलमेल,सूरज शर्मा,संतोष निहाल,संतोष विश्वकर्मा,शकंर शर्मा,कान्हा ठाकुर,प्रणीत जैन के साथ जवाहर नगर मंडल,शंकर नगर मंडल, फाफाडीह मंडल,तेलीबांधा मंडल के पदाधिकारीगण/कार्यकर्ता, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# बाकीमोंगरा में बनेगा कबीर आश्रम, डिप्टी सीएम साव ने की 10 लाख रु. की घोषणा

**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज नगर पंचायत बाकीमोंगरा में मानिकपुरी समाज द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस पर आयोजित चौका आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साव ने कबीर दास जी का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यक्रम में कबीर आश्रम निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।




उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कबीर दास जी के अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि, कबीर दास ने लोगों को सदमार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया है, आज उनके अनुयायी उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संत कबीर जी का एक-एक शब्द जीवन की राह दिखाने में मदद करता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। आज सब जगह कबीर दास जी को मानने वाले लोग है। दुनिया भर में कबीर दास जी के अनुयायी है। आज उनके विचार को घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता है। उनके विचार जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ला रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री लखनलाल देवांगन जी, वरिष्ठ नेता श्री ननकी राम कंवर, विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, महंत श्री अमरु दास, श्री विष्णु दास, श्री संजय दास, श्री शैलेन्द्र दास एवं संत कबीर दास जी के अनुयायी उपस्थित रहे।

# 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' पर हुई कार्यशाला

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा है कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' यह देश में एकता के भाव और सुदृढ़ करने के लिए पहला प्रयोग है, जिसकी संकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी। श्री जम्वाल ने इस संकल्पना को धरातल पर सार्थक परिणाम तक पहुँचाने और 'राष्ट्र प्रथम' के ध्येय वाक्य का स्मरण रखते हुए देश की सर्वतोमुखी प्रगति में प्राण-प्रण से जुटने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। श्री जम्वाल शनिवार को यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में आहूत कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।








भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जम्वाल ने कहा कि आज देश और प्रदेश में भाजपा के अनुकूल वातावरण है, अत: हम इस संकल्पना को साकार करने में कोई कसर न छोड़ें। श्री जम्वाल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों ने भाजपा के प्रति जन-विश्वास पैदा किया है, यह अनुकूलता निर्मित हुई है। इसके लिए भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है ताकि यह देश और भाजपा के प्रति विश्वास और मजबूत हो। श्री जम्वाल ने कहा कि जनता-जनार्दन समस्याओं का अध्ययन और निराकरण सही ढंग से हो, देश के सर्वांगीण विकास का विजन स्पष्टता के साथ लोगों तक पहुँचे, यह आवश्यक है ताकि देश का सब प्रकार से विकास किया जा सके और कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जम्वाल ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत भारत सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच आपसी समझ और सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 2015 में शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम सभी स्कूलों में एक वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक राज्य को किसी अन्य राज्य के साथ जोड़ा जाता है ताकि वे एक-दूसरे की संस्कृति, भाषा, भोजन, त्योहारों, पर्यटन आदि के बारे में जान सकें और उनका अनुभव कर सकें।

# किसान जवान संविधान सभा का भव्य आयोजन आज

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 7 जुलाई को एक ऐतिहासिक जनसभा किसान जवान संविधान सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के अन्नदाता किसान, सीमा पर तैनात जवान और देश के संविधान की रक्षा जैसे मूलभूत मुद्दों को लेकर जनजागरण किया जाएगा। इस जनसभा की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी की अध्यक्षता में शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, जनसंपर्क अभियान, आमजन की भागीदारी, प्रचार-प्रसार की रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।




प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह सभा सिर्फ एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों, जवानों और हमारे संविधान की गरिमा को बचाने की दिशा में कांग्रेस पार्टी की सशक्त आवाज़ है। आज जब देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, किसानों की उपेक्षा हो रही है और जवानों की शहादत पर राजनीति की जा रही है, तब कांग्रेस पार्टी एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में यह संदेश दे रही है कि देश संविधान से चलेगा, किसी सत्ता के अहंकार से नहीं।

बैठक के उपरांत सभा के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष रूप से सुसज्जित प्रचार वाहन को कांग्रेस भवन, रायपुर से प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज,पूर्व विधायक विकास उपाध्याय शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन रायपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को सभा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेगा और सभा के मुख्य उद्देश्य से जनता को अवगत कराएगा।

प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों, युवाओं, मजदूरों, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और संविधान प्रेमियों से आह्वान किया गया है कि वे 7 जुलाई को होने जा रही इस ऐतिहासिक सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपने समर्थन के माध्यम से लोकतंत्र, किसान, जवान और संविधान की रक्षा के इस अभियान को मजबूती प्रदान करें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल प्रतिमा चंद्राकर प्रमोद दुबे पंकज शर्मा आकाश शर्मा कन्हैया अग्रवाल मदन तालेड़ा ज्ञानेश शर्मा शिव सिंह ठाकुर प्रमोद चौबे महेंद्र छाबड़ा सुरेश ठाकुर एजाज ढेबर सूर्यमणि मिश्रा महेश शर्मा श्री कुमार मेनन प्रमोद तिवारी दिनेश ठाकुर जी श्रीनिवास सुमित दास प्रशांत ठेंगड़ी अरुण जांघेल बंशी कन्नौजे दीपा बग्गा अशोक ठाकुर देव कुमार साहू नवीन चंद्राकर दाऊलाल साहू माधव साहू संजय सोनी विनोद कश्यप अमित शर्मा ममता राय संगीता दुबे प्रीति सोनी अविनय दुबे अनिल रायचुरा प्रवीण चंद्राकर माधव छुरा शाहिद सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# विधान सभा परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैल चित्र पर आज उनकी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिव श्री दिनेश शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधान सभा परिसर स्थित प्रेक्षागृह के मुख्य द्वार पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनको स्मरण किया।

# आदित्य सिंघानिया ने सीए फाइनल दोनों ग्रुप एक साथ पास कर दूसरा स्थान प्राप्त किया

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** 21 वर्षीय छात्र आदित्य सिंघानिया ने अपने प्रथम प्रयास में CA फाइनल दोनों ग्रुप एक साथ पास कर 67% अंक हासिल किए और शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने PWC बिग फोर और मिड-साइज़ कंपनी में आर्टिकलशिप करते हुए ऑनलाइन कोचिंग के साथ घर में नियमित 8 घंटे पढ़ाई की। मॉक टेस्ट और रिवीजन टेस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी तैयारी को मजबूत बनाया। आदित्य का कहना है कि 'जल्दी शुरुआत और शांत दिमाग ही सफलता की असली कुंजी है।' वे भूतपूर्व GST बार के अध्यक्ष और अधिवक्ता आलोक अग्रवाल के सुपुत्र हैं। कर सलाह के क्षेत्र में यह उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी है।



# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नवा रायपुर का होगा सुनियोजित विकास: सीएम साय



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में आवास एवं पर्यावरण विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अतंर्गत संचालित कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, सचिव आवास एवं पर्यावरण श्री अंकित आंनद, एन आर डी ए के सी.ई.ओ श्री चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त श्री अवनीश शरण, रायपुर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ. श्री आकाश छिकारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर का सुव्यवस्थित विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। नवा रायपुर क्षेत्र में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित विकास किया जायेगा। नवा रायपुर देश की सबसे आधुनिक व खुबसूरत राजधानी है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./22454/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 06.07.2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 22454
वार्ड का नाम - 40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569A00294 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NAINA BEN RATHOR पिता/पति श्री/श्रीमती ARUN RATHOR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती POONAM MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती SHASHANK MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./22455/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 06.07.2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 22455
वार्ड का नाम - 40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569F00106 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SAROJ SEN पिता/पति श्री/श्रीमती DAYANAND SEN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DURPATI BAI SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती GUHARAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506112800047/206**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
विषय: अ-20 (3) सन:- 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राजेश कुमार अडवानी पिता श्री गजानंद अडवानी,
अनावेदक पक्षकार- 1. लालचंद चंदनानी पिता चंचलदास चंदवानी, 2. आत्माराम चंदनानी पिता श्री उधवदास चंदवानी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा लाखेनगर रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार अडवानी पिता श्री गजानंद अडवानी, निवासी- विवेकानंद आश्रम के सामने रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा लाखेनगर स्थित ब्लॉक नंबर-40, प्लॉट नंबर-6/24, रकबा 500 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने अनावेदक से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22/11/2001 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 18/07/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR



**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506112800048/207**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
विषय: अ-20 (3) सन:- 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- किशोर कुमार इसवानी पिता श्री ओटनमल इसवानी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा लाखेनगर रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार इसवानी पिता श्री ओटनमल इसवानी, निवासी लाखेनगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1950 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा लाखेनगर स्थित ब्लॉक नंबर-40, प्लॉट नंबर-7/9, रकबा 1345 वर्गफुट भूमि आवेदक की दादा श्री माधवमल पिता दखलमल के नाम पर दर्ज है। माधवमल पिता दखलमल की मृत्यु दिनांक 26/08/1992 को गया है। आवेदक के पिता ओटनमल की मृत्यु दिनांक 18/05/2018 को गया है, आवेदक की माता श्रीमती कलादेवी इसवानी की मृत्यु दिनांक 08/10/2015 को गया है, जिनके वारिसानों में आवेदक ही एकमात्र वारिसान हैं, अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदक द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 18/07/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
रायपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506112800046/205**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
विषय: अ-20 (3) सन:- 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- (1) श्रीमती इंजना रोहरा पति स्व. गिरधारीमल रोहरा (2) सुशील रोहरा पिता स्व. गिरधारीमल रोहरा,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा रविग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिकगण (1) श्रीमती इंजना रोहरा पति स्व. गिरधारीमल रोहरा (2) सुशील रोहरा पिता स्व. गिरधारीमल रोहरा, निवासी- दुर्गा मंदिर के पास, रविग्राम तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा रविग्राम तेलीबांधा स्थित खसरा नंबर-138/1 का भाग, रकबा 1050 वर्गफुट भूमि आवेदकगणों के पति/पिता श्री गिरधारीमल रोहरा पिता दयालदास के नाम दर्ज है। गिरधारीमल रोहरा पिता दयालदास की मृत्यु दिनांक 06/10/2019 को गया है, जिनके वारिसानों में आवेदकगण हैं, अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदिकागण द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 18/07/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
रायपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना //**
रा.प्र.क्र.-202409112800006/317
अ-20 (3) वर्ष 2023-24

आकाश खेमानी पिता श्री राजकुमार खेमानी, पता-गली नंबर-05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ...आवेदक

विरुद्ध

गिरधारी खेमानी पिता बुधरमल खेमानी, पता-गली नंबर-05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ........अनावेदक

एतद् द्वारा गिरधारी खेमानी पिता बुधरमल खेमानी, पता-गली नंबर-05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश खेमानी पिता श्री राजकुमार खेमानी, निवासी- गली नंबर 05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित खसरा नंबर-138/1 का भाग, प्लॉट नंबर-77, रकबा 780 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने अनावेदक गिरधारी खेमानी से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 25/05/2017 के माध्यम से दान में प्राप्त किया है। अतएव आवेदक द्वारा दान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में गिरधारी खेमानी पिता बुधरमल खेमानी, पता-गली नंबर-05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है।

अतः इस सूचना के माध्यम से गिरधारी खेमानी पिता बुधरमल खेमानी, पता-गली नंबर-05, धर्मशाला के पास, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आप स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/07/2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में प्रातः 11.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 24/06/2025
पेशी दिनांक 11/07/2025

मुहर
नजूल अधिकारी,
रायपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना //**
रा.प्र.क्र.-202504112800024/135
अ-20 (3) वर्ष 2024-25

आशीष जैन पिता श्री सुरेन्द्र चंद जैन, पता-ए-204, सेकंड फ्लोर गोकुल रेसीडेंसी, श्याम नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ...आवेदक

विरुद्ध

श्रीमती प्रकाशवती वर्मा पति श्री गंगा प्रसाद शर्मा
पता-32/94, प्रकाश भवन, संतोषी मंदिर के पास, श्याम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ........अनावेदक

एतद् द्वारा श्रीमती प्रकाशवती वर्मा पति श्री गंगा प्रसाद शर्मा पता-32/94, प्रकाश भवन, संतोषी मंदिर के पास, श्याम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशीष जैन पिता श्री सुरेन्द्र चंद जैन, निवासी- ए-204, सेकंड फ्लोर गोकुल रेसीडेंसी, श्याम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा तेलीबांधा स्थित प्लॉट नंबर-203/2, खसरा नंबर-50/8 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30/03/2025 के माध्यम से अनावेदिका से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में श्रीमती प्रकाशवती वर्मा पति श्री गंगा प्रसाद शर्मा पता- 32/94, प्रकाश भवन, संतोषी मंदिर के पास, श्याम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है।

अतः इस सूचना के माध्यम से श्रीमती प्रकाशवती वर्मा पति श्री गंगा प्रसाद शर्मा पता-32/94, प्रकाश भवन, संतोषी मंदिर के पास, श्याम नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आप स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/07/2025 को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में प्रातः 11.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 24/06/2025
पेशी दिनांक 11/07/2025

मुहर
नजूल अधिकारी,
रायपुर



**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता रूद्राधर ताण्डी पिता श्री भूजा ताण्डी निवासी वार्ड नं. 23 मकान नं. 04, ब्लॉक 01 बीएसयूपी कालोनी रायपुर कोटा रायपुर जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे पुत्री किरण ताण्डी का जन्म दिनांक 02/12/2018 को केयर एण्ड क्योर हॉस्पिटल रायपुर छ.ग. में हो चुका है जिसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है।
3. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम आशा किरण ASHA KIRAN दर्ज अंकित हो चुका है जो कि गलत व भूलवश दर्ज अंकित है।
4. यह कि मेरी पत्री का सही नाम किरण ताण्डी KIRAN TANDI जो कि सही नाम है। व जन्म प्रमाण पत्र में यही नाम दर्ज अंकित कर नया जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे, शपथ पत्र महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

सत्यापन :-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र कि कण्डिका 01 से 04 तक की सभी बाते सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

शपथकर्ता
रूद्राधर ताण्डी



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./22453/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 06.07.2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 22453
वार्ड का नाम - 40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569B00448 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती D. Parvati पिता/पति श्री/श्रीमती Rajaram के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PUSHPA KUMBALKAR पिता/पति श्री/श्रीमती CHUNNI LAL KUMBALKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./22432/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 05/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22432
वार्ड का नाम -20- रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802D0760C जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DIVYA DIWAN पिता/पति श्री/श्रीमती AKASH DIWAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. MINAKSHI HEMNE पिता/पति श्री/श्रीमती SANJAY HEMNE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा में संसदीय पत्रकारों का योगदान अतुलनीय- डॉ. रमन सिंह.



**विधान सभा की कार्यवाही से आम जनों को अवगत कराने में संसदीय पत्रकार निभाते है महत्वपूर्ण भूमिका-मान. मुख्यमंत्री साय**

**छत्तीसगढ विधान सभा में "संसदीय रिपोर्टिंग" विशय पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न.**






**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

छत्तीसगढ विधान सभा परिसर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी, प्रेक्षागृह में आज मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ''संसदीय रिपोर्टिंग'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का शुभारम्भ मान. विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मान. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया । इस अवसर पर मान. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं मान. संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं पत्रकार दीर्घा सलाहकार समिति के संयोजक आर. कृष्णादास भी उपस्थित थे । ''संसदीय रिपोर्टिंग'' विशय पर डॉ. संजय द्विवेदी, पूर्व निदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान एवं प्रोफेसर माखन लाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल एवं समापन सत्र में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, सांसद, राज्यसभा ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। इस आयोजन में बडी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-जनतंत्र में विधान मण्डल तथा जनसंचार दोनों के ही सरोकार जनहित से जुड़े हैं। सरकार बनने के बाद सबसे पहले मंत्रियों का आई. आई. एम. में प्रशिक्षण हुआ फिर मान. विधायकों के लिए विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम और तीसरे चरण में मान. विधायकों के निज सचिव/ निज सहायक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और अब मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ''संसदीय रिपोर्टिंग'' विशय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है । उन्होंने कहा कि-जनतंत्र में विधान मंडल तथा जनसंचार दोनों के ही सरोकार जनहित से जुडे हुए हैं । जनता का विधान मंडल के प्रति आस्था एवं विश्वास बढ़े इस दृश्टिकोण से जनसंचार के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । उन्हांने यह भी कहा कि-आसंदी में सभा की सार्वभौमिकता की शक्ति निहित होती है, इसलिए जनसंचार के प्रतिनिधियों के लिए यह आवश्यक है कि वे सभा की कार्यवाही अपनी कल्पना अथवा संभावनाओं के आधार पर प्रचारित प्रसारित न करें । संसदीय रिपोर्टर के लिए यह आवश्यक है कि उसे संसदीय शब्दावली, संसदीय प्रक्रिया एवं नियमों का ज्ञान होना भी आवश्यक है । उन्हांने जनसंचार माध्यमों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे भावुकता या रोश में सभा की बाधित कार्यवाही को नकारात्मक स्वरूप में प्रस्तुत करने के बजाए सभा में होने वाले संसदीय कार्यो को प्रमुखता के साथ प्रकाशित एवं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि-प्रदेश विधान सभा ने 25 वर्षां की गौरवमयी यात्रा पूरी की और लोकतान्त्रिक मूल्यों को सुदृढ़ किया । उन्होंने कहा कि-यह कार्यशाला पत्रकारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और इसके माध्यम से विधान सभा की गतिविधियॉ प्रभावी रूप से जनता तक पहुचेगी । उन्होंने कहा कि-छत्तीसगढ़ विधान सभा में उत्कृष्ट मीडिया प्रतिनिधियों को ''संसदीय रिपोर्टिंग पुरस्कार'' भी दिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि-संसदीय रिपोटिंग का कार्य अत्यंत उत्तरदायित्वपूर्ण है इसलिए पत्रकारों को विधानसभा में हंगामा के समय इसके सकारात्मक पहलू एवं महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा को भी प्रमुखता से स्थान दें।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि- संसदीय रिपोर्टिंग के व्यवहारिक पहलूओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उसमें खुलापन लाया जाना चाहिए जिससे जनता अपने जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही से परिचित हो सके कार्यक्रम के विशय पर प्रकाश डालते हुए विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि-संसदीय रिपोर्टिंग में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रजातंत्र की इस सर्वोच्च सार्वभौम संस्था की गरिमा एवं सम्मान को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे और जनसामान्य को सभा की कार्यवाही का वैसा ही वृतांत प्राप्त हो जैसा सभा के अन्दर संपादित हुआ है । उन्होंने छत्तीसगढ़ विधान सभा की गौरवशाली उपलब्धियों की जानकारी भी प्रस्तुत की । कार्यशाला के प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए डॉ. संजय द्विवेदी, पूर्व निदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान एवं प्रोफेसर माखन लाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल ने सभा में तारांकित, अतारांकित प्रश्न, व्यवस्था एवं औचित्य के प्रश्न, बजट की कव्हरेज, शून्यकाल, कटौती प्रस्ताव, मान. अध्यक्ष की व्यवस्था, कार्यवाही का विलोपन इत्यादि विशय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि-छत्तीसगढ़ की विधान सभा अपना रजत जयंती वर्ष मना रही है और यह हिदीं पत्रकारिता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है कि हमारे देश में हिदीं पत्रकारिता अपने 200 वर्ष पूरी कर रही है। उन्हांने कहा कि-हमारा संचार एवं संवाद हमेशा लोक मंगल के लिए होता है जबिक पश्चिमी परंपरा में खींचतान की परंपरा है । उन्हांने कहा कि-संसदीय रिपोटिंग अत्यंत गहरा उत्तरदायित्व है, जहां भाषा, अनुशासन एवं मर्यादा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होने कहा कि-यदि हम अपनी जमीन छोड़गे तो हमारा जमीन नही बचेगा । उन्हांने कहा कि-संसदीय रिपोर्टिंग में ब्रेकिंग न्यूज पूरे विश्लेषण के पश्चात दिया जाना चाहिए। कार्यशाला के समापन सत्र में पहलुओं पर केन्द्रित करते हुए संसदीय रिपोर्टि रिपोर्टिंग के संबंध में सारगर्भित जानकारी रोचक शैली में प्रस्तुत की । उन्हांने कहा कि-पहले छत्तीसगढ़ राज्य समस्याओं का गढ़ माना जाता था।

## विश्व सहकारिता दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति सारखी प क्र 669, प्राथमिक कृषि सहकारी सार समिति टेकारी क्र245 एवं1 प्राथमिक सहकारिता दिवस के वृहद वृक्षारोपण किया गया । सभी कार्यक्रमों में जनपद पंचायत



उपाध्यक्ष खेलूराम साहू मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, खनिज न्यास सदस्य एवं प्राधिकृत अधिकारी राघवेन्द्र साहू, प्राधिकृत अधिकारी उपसरपंच बिहारी लाल साहू, पत्रकार ईश्वर साहू, संतोष साहू, सरपंच झाडू राम धृतलहरे टेकारी, सरपंच सोनपैरी गणेश राम साहू, सरपंच कन्हेरा भानुप्रताप साहू, पलौद सरपंच श्रीमति सुषमा ध्रुव, सारखी सरपंच भुपेन्द्र नेताम, नरोत्तम साहू , बैसाखू राम साहू, व्यवस्थापक सारखी पुष्पेन्द्र सिन्हा, व्यवस्थापक टेकारी देवानंद शर्मा,

## आईए पी वूमेन सेल के द्वारा स्टूडेंट अवेयरनेस कैंपेन का सफल आयोजन

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

स्वस्थ आदतों की ओर कदम साफ़ रहें, स्ट्रेच करें, मुस्कराएं और सही खाएं! इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स वुमेनसेल छत्तीसगढ़ द्वारा स्टूडेंट अवेयरनेस कैंपेन का आयोजन रेसिडेंशियल बॉयज हॉस्टल नं. 4, गंजपारा, रायपुर में किया गया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता, शारीरिक सक्रियता, मानसिक स्वास्थ्य और संतुलित आहार के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम का संचालन क्लीन, स्ट्रेच, स्माइल एंड ईट राइट थीम के तहत किया गया।

छात्रों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और फिजियोथेरेपी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन निम्न वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया- डॉ. संजीव झा अध्यक्ष, डॉ. रूचि वार्ष्णेय-



राष्ट्रीय अध्यक्ष, IAPWC डॉ. सकिना काँचवाला केंद्रीय जोनल हेड छत्तीसगढ़ राज्य टीम द्वारा आयोजन डॉ. गरिमा राज्य प्रमुख डॉ. नेहा राज्य संयुक्त संयोजक

डॉ. सुप्रिया, डॉ. पूजा एवं डॉ. ऋचा राज्य उप संयोजक छात्रों को स्वच्छता, नियमित स्ट्रेचिंग, सकारात्मक सोच और पौष्टिक आहार के महत्व पर जानकारी दी गई। विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियों और शारीरिक व्यायाम सत्रों ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस सफल आयोजन ने बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की नई चेतना जगाई।

**पूरे प्रदेश में युवा कैट का विस्तार होगा**

# कान्ति पटेल बने युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं सदस्य - राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी जी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज 05 जुलाई 2025, शनिवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश युवा कैट का गठन किया गया।




कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं सदस्य - राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी जी को नई प्रदेश युवा कैट गठन हेतु अधिकृत किया गया था। पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने कान्ति पटेल के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष युवा कैट पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए कान्ति पटेल को युवा कैट का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) प्रवीण खण्डेलवाल जी की अनुशंसा पर संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में परमानन्द जैन ने सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

**प्रदेश युवा कैट कार्यकारिणी इस प्रकार है:-**

प्रदेश अध्यक्ष युवा कैट कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री युवा कैट रतनदीप सिंह,

**प्रदेश कोषाध्यक्ष युवा कैट - भरत भूषण गुप्ता,**

बैठक में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे = अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, कान्ति पटेल, रतनदीप सिंह, भरत भूषण गुप्ता, जय नानवानी, नागेन्द्र तिवारी, अमर धिंगानी, विजय पटेल, दीपक विधानी, विक्रांत राठौर, मनीष सोनी, योगेश भानूशाली।

## अपराध डायरी

# दोस्त ने की दोस्त की हत्या

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

अप्रैल 2024 को थाना उरला निवासी आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला ने अपने दोस्त विजय यादव की धारदार हथियार से हत्या कर शव को हीरा ग्रुप (।इ्रह्द्भ्रु तह्य्रश्चह्लक्ष्) की नर्सरी की झाड़ियों में फेंक दिया था. इस मामले की अंतिम सुनवाई में विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ने साक्ष्यों के आधार पर हत्यारे दोस्त रूपेश कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. 1000 रुपए अर्थदंड नहीं देने पर अतिरिक्त तीन माह की सजा है. अतिरिक्त लोक अभियोजक बसंत गोंड ने कोर्ट को बताया कि




आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला ने विजय यादव को सुनियोजित तरीके से राजेन्द्र नगर स्थित स्कूल के पास बुलाकर धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी. हत्या करने के बाद हीरा ग्रुप की नर्सरी की झाड़ियों में शव को फेंक दिया. आरोपी रूपेश बिहार के जिला मोतिहारी का निवासी है.

उरला में किराये के मकान में रहता था, वहीं उसकी दोस्ती विजय यादव से हुई. दोस्ती के कारण उसने रूपेश को किराना दुकान से उधारी में सामान दिलवाया. उधारी का पैसा नहीं देने पर वह किसी के भी सामने बार-बार टोकता था.

# फरार तोमर बंदुओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, कुर्क की जा सकती है संपत्ति

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है. न्यायलय ने दोनों आरोपियों की गिरफ़्तारी का वारंट जारी किया गया है. न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस जांच और पूछताछ के लिए उपस्थित होने के निर्देश भी दिए हैं. इस आदेश के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और अब उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है.



जानकारी के अनुसार, वीरेन्द्र और रोहित तोमर, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, धमकी और अवैध वसूली से जुड़े पांच अलग-अलग मामले दर्ज हैं. साथ ही आरोपी रोहित तोमर पर मारपीट का भी केस चल रहा है.

संपत्ति कुर्क करने की तैयारी

जांच में बरामद किए गए ज्वेलरी और नकदी को आयकर विभाग को सौंपा गया है. वहीं प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की भी जांच जारी है. भाठागांव स्थित करीब 5000 वर्गफीट में बना 'साई विला' आरोपी वीरेन्द्र सिंह तोमर की पत्नी के नाम पर दर्ज है. वहीं, अभनपुर, भनपुरी समेत अन्य स्थानों पर वीरेन्द्र और रोहित के नाम पर जमीनों के दस्तावेज भी सामने आए हैं. दावा किया जा रहा है कि अगर दोनों आरोपी जल्द गिरफ्त में नहीं आते हैं, तो इनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा सकती है. वहीं फरार आरोपियों के मददगारों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी.

तकनीकी जांच से तलाश तेज, नए पीड़ित सामने आए पुलिस की कई टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हैं और उनकी लोकेशन ट्रैक करने के लिए तकनीकी जांच जारी है. जांच के दौरान आरोपियों की संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड पुलिस को हाथ लगे हैं. इस मामले में पुलिस के बाद कई नए शिकायतकर्ता भी पहुंचे हैं. इनका आरोप है कि आरोपियों ने उनसे कई गुना ब्याज वसूलने के बाद भी गिरवी रखी जमीनों के दस्तावेज, चेक और अन्य कागजात वापस नहीं किए. इतना ही नहीं, उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी दी गई.

रायपुर स्स्क्ललाल उमेद सिंह ने कहा कि तोमर बंधु की पुलिस लगातार तलाश कर रही है. आरोपियों के खिलाफ धारा 75 ब्नह्स के तहत कार्रवाई की जा रही है. उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया है. निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ संपत्ति कुर्क की कार्रवाई की जाएगी. 14-15 दिन की अवधि रहती है. पुलिस अपनी वैधानिक कार्रवाई लगातार कर रही है. फरार आरोपियों का तलाश जारी है.

## शराब,सट्टे की 26 कस्टम मिलिंग घोटाले की अगली सुनवाई 2 को

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

आबकारी विभाग में हुए शराब और महादेव सट्टा की 26 जुलाई और कस्टम मिलिंग घोटाले की सुनवाई 2 अगस्त को होगी। तीनों प्रकरणों के रिमांड पेशी की अवधि समाप्त होने पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी



की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि शराब, सट्टा और कस्टम मिलिंग की जांच करने के बाद चालान पेश किया जा चुका है। इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। इसे देखते हुए रिमांड पेशी को बढ़ाने का अनुरोध किया। जिसे विशेष न्यायाधीश ने स्वीकार कर रूटीन पेशी को बढ़ाने का आदेश दिया। इससे पहले कल सोमवार को शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू ने पांचवां चालान विशेष न्यायाधीश नीरज शर्मा की कोर्ट में पेश करेगा। शनिवार को कोर्ट में अवकाश के पेश नहीं किया जा सका। यह चालान आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों की शराब घोटाले में भूमिका साबित करेगी। एक-एक करके अफसर और अन्य संबंधितों के नाम से चालान तैयार किया गया है इससे पहले कल सोमवार को शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू ने पांचवां चालान विशेष न्यायाधीश नीरज शर्मा की कोर्ट में पेश करेगा। शनिवार को कोर्ट में अवकाश के पेश नहीं किया जा सका। यह चालान आबकारी विभाग के 28 अधिकारियों की शराब घोटाले में भूमिका साबित करेगी। एक-एक करके अफसर और अन्य संबंधितों के नाम से चालान तैयार किया गया है।

## बालिका से छेड़छाड़ मामले में सख्त हुए कलेक्टर

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

सुहेला में एक नाबालिग छात्रा से परीक्षा के दौरान शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ के मामले में कलेक्टर दीपक सोनी ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. प्राथमिक जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर स्व. डी.आर. वर्मा स्मृति शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित पांच स्कूलों में से शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल, सुहेला की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है.

वहीं 4 अन्य स्कूलों को गुणवत्ता सुधारने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति और अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है. संस्थान को 15 दिन की मोहलत दी गई है. यदि इस अवधि में सभी कमियां दूर नहीं की जातीं, तो बाकी चार स्कूलों की मान्यता भी रद्द कर दी जाएगी. कलेक्टर की इस कार्रवाई से शिक्षा संस्थानों में हड़कंप मच गया है.

जिला जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, स्व. डी.आर. वर्मा स्मृति शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्कूलों की जांच के लिए छह सदस्यीय दल गठित किया गया था. इस समिति ने 9 जून 2025 को सुहेला स्थित शांति देवी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में जांच कर छेड़छाड़ की घटना की पुष्टि की और विद्यालय में संसाधनों एवं मापदंडों की कमी पाई.

जांच रिपोर्ट के बाद शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सुहेला की मान्यता रद्द कर दी गई. साथ ही आरोपी शिक्षक शैलेष वर्मा के विद्यालय परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है. संचालक और प्राचार्य को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक सप्ताह में स्कूल परिसर से आवास अन्यत्र स्थानांतरित करें.

शांति देवी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की कमी मिलने पर नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया।

# नकली सीमेंट बेचने की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेडर्स के यहां मारा छापा

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

अल्ट्राटेक कंपनी का मिलावटी सीमेंट बनाकर बेचने का मामला उजागर हुआ है। यहां राखड़ मिलाकर अल्ट्राटेक कंपनी का मिलावटी सिमेंट तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने जब रेड मारी तो बड़ी मात्रा में फ्लाई एश, अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया गया सीमेंट बैंग, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन और अल्ट्राटेक कंपनी लिखा हुआ खाली बैग बरामद किया गया।

अल्ट्राटेक कंपनी के फील्ड ऑफिसर विशाल मंडल ने थाने में शिकायत की और बताया कि ग्राम मोहदीपाट थाना अर्जुन्दा में स्थित वैभव ट्रेडर्स के संचालक विजय चन्द्र धाक अपनी फ्लाई एस ब्रिक्स कंपनी में अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का लगाकर मिलावटी सिमेंट बनाता और बेचता है। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश में तत्काल टीम गठित कर छापेमारी की गई।

मिलावट का पूरा सामान जब्त

रेड की कार्रवाई के दौरान वैभव ट्रेडर्स की दुकान से अल्ट्राटेक कंपनी के 25 सीमेंट बैग जब्त किए गए, जिन्हें कंपनी अधिकारी ने मिलावटी बताया। इसके बाद आरोपी के गांव गब्दी स्थित ईंट फैक्ट्री में भी छापा मारा गया, जहां बड़ी मात्रा में फ्लाई ऐश, सीमेंट में फ्लाई एश मिलाने का मशीन और अल्ट्राटेक कंपनी के खाली बैग बरामद किए गए। इस पूरी कार्रवाई में आरोपी के पास से अल्ट्राटेक कंपनी का मार्का इस्तेमाल कर पैकिंग किया हुआ 584 बैग मिलावटी सीमेंट जब्त किया गया।

## सम्पादकीय

# तबाही के सबक

हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। लगातार बादल फटने के बाद भयावह मंजर हमारे सामने उभरा है। निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का मंजर निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों,सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। यहां ढली इलाके में कई इमारतें गंभीर खतरे की जद में आ चुकी हैं। निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं।

वास्तव, में हिमाचल व उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। विकास के नाम पर हमने पहाड़ों को काटकर चौड़ी सड़कें बना दी और इससे लगते पहाड़ों की जड़ें खोखली कर दी,जिससे भूस्खलन की गति अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। इस तरह हमने परंपरागत हल्की छत वाले घरों के बजाय भारी-भरकम कंक्रीट की छतों वाले घरों को प्राथमिकता दी है। हिमाचल में लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली अटल सुरंग इंजीनियरिंग का चमत्कार हो सकती है, लेकिन इसके अवरोध के बाद पुरानी रोहतांग दर्रा सड़क पर वापसी साबित करती है कि आपातकालीन योजना ने बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ तालमेल नहीं रखा है। इसी तरह कांगड़ा घाटी में रेल यात्रा में व्यवधान विरासत के बुनियादी ढांचे के प्रति आधिकारिक उदासीनता को ही दर्शाता है। यह रेलवे लाइन अभी दूर-दराज के इलाकों के लिये जीवन रेखा जैसी ही है। शिमला के ढली के पास खराब निर्माण और लापरवाही ने कई इमारतों और लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया।**

**ललित गर्ग।**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं।

भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। वर्तमान दलाई लामा ने पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है। 1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां



तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है। धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे। तिब्बत में इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तब से दलाई लामा ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला को अपना घर बना लिया, जिससे बीजिंग नाराज हो गया और वहां उनकी उपस्थिति चीन और भारत के बीच विवाद का विषय बनी रही।

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार होती भारतीय सेना

**मृत्युंजय दीक्षित।**

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से ही भारत अपनी सेनाओं को आत्मनिर्भर, स्वदेशी तकनीक से समृद्ध, सुदृढ़ व सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय सेना को भविष्य की रक्षा चुनौतियों लिए इस प्रकार तैयार किया जा रहा है कि भूमि से लेकर वायु और समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाईयों तक अपनी सुरक्षा के लिए किसी अन्य पर निर्भर न रहना पड़े। आज अति आधुनिक ड्रोन से लेकर अविश्वसनीय मारक क्षमता वाली मिसाइलों तक का निर्माण भारत में किया जा रहा है।

विगत दिनों ईरान-इजराइल के मध्य संघर्ष के बीच ईरान के शक्तिशाली व मजबूत परमाणु संयंत्रो को नष्ट करने की क्षमता न होने के कारण इजराइल को भी अमेरिका की शरण में जाना पड़ा था। ऐसी ही परिस्थितियों से बचने के लिए भारत अब बंकर ब्लस्टर बम बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान समय में कुछ ही राष्ट्रों के पास बंकर ब्लस्टर जैसी सुविधा उपलब्ध है और जब भारत भी उस श्रेणी में आ जाएगा। जब भारत का यह स्वदेशी बंकर ब्लस्टर बम बनकर तैयार हो जाएगा तब हमारी अग्नि-5 मिसाइल दुश्मन के मजबूत ठिकानों और तहखानों को मिनटों में ध्वस्त करक वापस चली आएगी।

भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं संगठन अग्नि 5 मिसाइल के दो नये एडवांस प्रारूप विकसित कर रहा है जिसमें प्रथम प्रारूप बंकर ब्लस्टर वॉरहेड या विस्फोटक ले जाने वाला होगा जो जमीन के भीतर 80 से 100 मीटर तक जाकर दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेगा जबकि दूसरा प्रारूप विस्फोटक ले जाने वाला होगा। ये दोनों ही प्रारूप दुश्मन के डिफेंस सिस्टम, न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और हथियार डिपो को ध्वस्त करके वापस लौट आएंगे। अग्नि -5 बंकर ब्लस्टर मिसाइल जमीन, सड़क और मोबाइल लांचर से दागी जाएगी। अग्नि-5 भारत की एक ऐसी मिसाइल है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक निशाना लगा सकती है। इसकी रेंज 5 से 7 हजार किमी तक हैं ये परमाणु हथियार भी ले जा सकती है। भारत का बंकर ब्लस्टर बम अमेरिकी बम से भी अधिक क्षमतावान बनाया जा रहा है।भारत की बंकर ब्लस्टर मिसाइल अमेरिकी बम से अधिक गहराई तक निशाना लगा सकती है। भारत को चीन और पाकिस्तान से पैदा हुए खतरे को देखते हुए ही इस प्रकार की मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना को मिला तमाल- इसी प्रकार ब्रहमोस मिसाइलों से लैस अब तक का सबसे घातक आधुनिक स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल अब भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है जिसके कारण अब समुद्र में भी भारत की ताकत बढ़ गई है। इस बहुददेशीय अतिआधुनिक युद्धपोत का जलावतरण रूस के केलिनिनग्राद में हुआ। नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल यह युद्धपोत हिंद सागर में तैनात होगा और पाकिस्तान से लगती सीमा पर निगरानी में भारत की सबसे बड़ी ताकत बन जायेगा। तमाल युद्धपोत विगत दो दशकों में रूस से प्राप्त क्रियाक श्रेणी के युद्धपोतों की श्रृंखला में आठवां युद्धपोत है। यह पूर्ववर्ती संस्करणों की तुलना में अधिक उन्नत है। इसमें लंबवत प्रक्षेपित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें उन्नत 100 मिलीमी की तोप, मानक 30 मिलीमीटर गन क्लोज -इन हथियार प्रणाली के अलावा आधुनिक समय की प्रणाली अत्यधिक भार वाले टारपीडो तत्काल हमला करने वाले पनडुब्बी रोधी, रॉकेट और अनेक निगरानी एवं अग्नि नियंत्रण रडार तथा अन्य प्रणालियां शामिल हैं। युद्धपोत का नाम तमाल देवताओं के राजा इंद्र की पौराणिक तलवार से लिया गया है। इसकी मारक क्षमता भी उसी तरह तेज, आक्रामक और निर्णायक है। इसका शुभंकर भारतीय



पौराणिक कथाओं के अमर भालू जाम्बवंत और रूसी राष्ट्रीय पशु यूरेशियन भूरे भालू की समानता से प्रेरित है। तमाल युद्धपोत का निर्माण रूस के कैलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में हुआ है और इसमें 26 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण हैं। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह आखिरी युद्धपोत है जो विदेश में बना है अब ऐसा कोई भी युद्धपोत भारत में ही बनेगा जिसके बाद भारत की नौसेना की शक्ति और बढ़ जाएगी। इस युद्धपोत के कुशल संचालन व रखरखाव के लिए 250 नौसेना कर्मियों ने रूस में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह बहु मिशन युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और गैर पारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटने में सक्षम है। भारत की नोसेना को एक और स्वदेशी युद्धपोत उदयगिरि का उपहार भी मिला है। इस युद्धपोत में सुपरसोनिक सतह से सतह से मार करने वाली प्रणाली लगी है। इसमें 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी की रैपिड फायर गन सहित डीजल इंजन और गैस टर्बाइन युक्त सीओडीजी प्रणाली है। इस 3900 टन वजनी और 125 मीटर लंबे युद्धपोत में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लैस हैं। यह देनों ही युद्धपोत भारत की समुद्री सीमा की सुरक्षा में प्रमुख भूमिका निभाने वाले हैं।

# खाद्य शुल्क में कटौती : अमेरिकी बाजार तक पहुंच के लिए जोखिम भरा दांव

**अजय श्रीवास्तव।**

नीति आयोग द्वारा हाल ही में पेश एक प्रपत्र में अमेरिका से होने वाले कृषि आयात में शुल्क कटौती की अनुशंसा की गई है। इन उत्पादों में चावल, डेरी, पोल्ट्री, मक्का, सेब, बादाम और जीन संवर्द्धित सोया तक शामिल हैं। यह कटौती भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के तहत करने करने का प्रस्ताव है। ये प्रस्ताव 'प्रमोटिंग इंडिया-यूएस एग्रीकल्चर ट्रेड अंडर द न्यू यूएस ट्रेड रिजीम' (अमेरिका की नई व्यापार व्यवस्था के अधीन भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा) नामक प्रपत्र में दिए गए हैं जो मई में प्रकाशित हुआ था। हम इसकी अहम अनुशंसाओं पर विचार करेंगे और यह भी कि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए इनका क्या अर्थ होगा? शुरुआत करते हैं चावल से जो देश का एक प्रमुख खाद्यान्न है।

चावल: प्रपत्र अमेरिकी चावल पर आयात शुल्क समाप्त करने की बात कहता है। भारत पहले ही बहुत बड़ी मात्रा में चावल निर्यात करता है और इसलिए आयात से उसे कोई जोखिम नहीं। यह दलील तार्किक नजर आती है लेकिन यह अतीत की एक बड़ी गलती की अनदेखी कर देती है। 1960 और 1970 के दशक के आरंभ में भारत को खाद्यान्न की कमी का सामना करना पड़ा और अमेरिकी कानून पीएल-480 के तहत अमेरिका से खाद्यान्न आयात करना पड़ा। इस कानून के तहत अमेरिका का अतिरिक्त अन्न भारत जैसे देशों को बेचा या दान दिया जाता है। वैश्विक व्यापार वार्ताओं के अधीन भारत जो उस समय एक बड़ा खाद्यान्न आयातक था, अमेरिका के इस प्रस्ताव पर सहमत हो गया था कि वह चावल, गेहूं और दूध पाउडर पर शुल्क समाप्त कर देगा। यानी भारत ने भविष्य में इन वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाने का अधिकार त्याग दिया। बाद में हरित क्रांति ने देश के कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय इजाफा किया और 1990 के आरंभ में देश चावल और गेहूं के मामले में आत्मनिर्भर हो गया। भारतीय किसानों को अब सस्ते सब्सिडी वाले आयात से शुल्क संरक्षण चाहिए था लेकिन पुरानी गैट प्रतिबद्धता के कारण भारत शुल्क बढ़ाने में सक्षम नहीं था। इकलौता कानूनी विकल्प था गैट के अनुच्छेद 28 के तहत दोबारा बातचीत करना, जो भारत ने 1990 के दशक में किया। बहरहाल, दोबारा वार्ता महंगी पड़ी। भारत को अन्य वस्तुओं मसलन मक्खन, चीज, सेब, खट्टे फलों और ऑलिव ऑयल पर शुल्क दर कम करनी पड़ी ताकि अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कारोबारी साझेदारों को राहत दिया जा सके। इसके बाद ऐसे उत्पादों से भारतीय बाजार पट गए और स्थानीय किसानों को इसका नुकसान हुआ। सबक यह है कि एक बार अगर कोई देश कम या शून्य शुल्क को कानूनी रूप से मान लेता है तो दोबारा लचीलापन हासिल



करना मुश्किल होता है। नीति आयोग का प्रपत्र इसी बात की अनदेखी करता है। वैश्विक अन्न कीमतों में उतार-चढ़ाव: नीति आयोग का प्रपत्र वैश्विक अन्न कीमतों में उतार-चढ़ाव के जोखिम की भी अनदेखी करता है। उदाहरण के लिए 2014 से 2016 के बीच वैश्विक अन्न कीमतों में भारी गिरावट आई। गेहूं 160 डॉलर प्रति टन से नीचे आ गया और बहुत से अफ्रीकी किसानों को इसके कारोबार से बाहर होना पड़ा। अगर भारत शुल्क समाप्त कर देता है तो सब्सिडी वाला सस्ता अमेरिकी अनाज बाजार में भर जाएगा और भारतीय उपज बिकेगी ही नहीं। इससे किसान अगली फसल बोने के पहले सौ बार सोचेंगे। इससे हम आयात पर निर्भर हो जाएंगे। अगर बाद में वैश्विक कीमतें बढ़ीं तो भारत को महंगा आयात करना होगा ठीक वैसे ही जैसे घाना और नाइजीरिया को 2005-08 और 2010-11 के दौरान करना पड़ा था जब गेहूं और मक्के की कीमत क्रमशः 130 फीसदी और 70 फीसदी बढ़ गई थी। ऐसे उतार-चढ़ाव ने कई अफ्रीकी देशों की खाद्य सुरक्षा नष्ट कर दी है। भारत को इससे बचना चाहिए। 10 करोड़ से अधिक छोटे किसानों के साथ हमें गेहूं और चावल की कीमतों पर शुल्क लागू रखना चाहिए ताकि किसान सुरक्षित रह सकें और खाद्य आपूर्ति स्थिर रहे। चावल पर से टैरिफ हटाने से उन समूहों को लाभ होगा जो देश की खाद्य नीतियों पर हमलावर हैं। अमेरिकी चावल फेडरेशन ने भारत को डब्ल्यूटीओ में बार-बार चुनौती दी है और आरोप लगाया है कि उसने सब्सिडी के नियम तोड़े और अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्यक्रम और सरकारी खरीद कार्यक्रम के तहत कारोबार को बाधित किया है। अमेरिका के साथ शुल्क कम करने से भारत की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी जो किसानों और उपभोक्ताओं दोनों का संरक्षण करती है। खाद्य सुरक्षा को भूराजनीति, जलवायु परिवर्तन और बाजार आकार दे रहे हैं, ऐसे में भारत को सावधान रहना चाहिए। डेरी और पोल्ट्री: नीति आयोग का प्रपत्र कहता है कि भारत को अमेरिकी डेरी और पोल्ट्री उत्पादों पर शुल्क कम करना चाहिए और आयात को एसपीएस यानी सैनटरी ऐंड फाइटोसैनिटरी मानकों से विनियमित करना चाहिए। ये मानक खाद्य सुरक्षा और मानव, पशु और पादप स्वास्थ्य संरक्षण के लिहाज से डिजाइन किए गए हैं। अगर ऐसा किया गया तो एसपीएस के कमजोर उपायों से आयात को बल मिलेगा क्योंकि शुल्क की जगह एसपीएस को आसानी से चुनौती दी जा सकती है। अमेरिका लंबे समय से भारत के इस नियम का विरोध कर रहा है कि यहां आने वाला दूध ऐसे जानवरों का नहीं होना चाहिए जिन्हें मांस या रक्त आधारित भोजन दिया जाता है। इसके अलावा देश का एसपीएस प्रवर्तन मजबूत तकनीकी समर्थन पर आधारित नहीं है। ऐसे में डेरी और पोल्ट्री पर शुल्क समाप्त करना गलत होगा। जीएम कॉर्न, सोया सीड: नीति आयोग का कहना है कि एथेनॉल मिश्रण के लिए अमेरिकी मक्के का आयात किया जाए। अभी भारत में यह प्रतिबंधित है। तर्क है कि ऐसा करने से देश की घरेलू खाद्य और चारा आपूर्ति में जीएम उत्पादों का प्रवेश रोका जा सकेगा। प्रपत्र में यह अनुशंसा भी की गई है कि जीएम सोयाबीन के बीजों को एक नियंत्रित मॉडल के अधीन आयात किया जाए जहां तटीय इलाकों में पिराई के बाद तेल को स्थानीय स्तर पर इस्तेमाल किया जाए और जीएम प्रभाव वाले सोयामील को निर्यात कर दिया जाए ताकि देश में फसलों या बीजों पर इसका कोई असर न हो। बहरहाल, देश की बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला और कमजोर एसपीएस प्रवर्तन ऐसे नियंत्रण को हकीकत से परे बनाता है। एक बार जीएम उत्पादों के देश में आने के बाद उनके स्थानीय कृषि में शामिल होने की आशंका रहेगी।

**मेष** — कारोबार का विस्तार होगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। अपने दिल की बात किसी को न बताएं। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**वृषभ** — जमीन-जायदाद के काम लाभ देंगे। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। आरोग्य रहेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** — किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त करेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क** — 'व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शोक संदेश मिल सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। किसी अपने के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**सिंह** — प्रत्येक कार्य को सुनियोजित रूप से संपन्न कर पाएंगे। घर-बाहर सम्मान मिलेगा। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा-पराक्रम में वृद्धि होगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**कन्या** — आज का दिन घटनाओं से भरा रहेगा। नई समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परिश्रम अधिक तथा लाभ में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनार्जन होगा।

**तुला** — लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में सफलता प्राप्त होगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। मन में नए विचार आएंगे। दूसरों के मामले में न पड़ें। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए-नए विचार मन में आएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**धनु** — व्यावसायिक स्थल पर कार्यभार रहेगा। परिवार के सदस्यों के व्यवहार से संतुष्टि नहीं होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कार्य में विलंब हो सकता है। हाथ तंग रहेगा। वाद-विवाद में संयम रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — भौतिक साधनों तथा वस्त्रादि पर व्यय होगा। प्रणय संबंधों में सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होगी। साझेदारी में फायदा होगा। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए समय अनुकूल है।

**कुंभ** — अपने दिल की बात किसी को कहने का मन बनेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। परिश्रम करना पड़ेगा। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। आय में वृद्धि होगी। अज्ञात भय सताएगा।

**मीन** — भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। तार्किक बुद्धि के प्रयोग से बचें। कौटुम्बिक समस्याओं पर ध्यान दे पाएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025

pratidinrajdhani.in

# अनुज ने किया रायखेड़ा के विकास कार्यों का लोकार्पण


## बरसात में विकास कार्यों कि बौछार

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

### हमारा लक्ष्य गाँवों का विकास कराना -अनुज

धरसींवा विधानसभा के ग्राम रायखेड़ा में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यकर्म में विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुए।ग्राम रायखेड़ा में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन हुआ जिसमे मिडिल स्कूल रायखेड़ा में साईकिल स्टैंड कार्य लागत 9.00 लाख रु. व प्रार्थना शेड निर्माण कार्य लागत 20. लाख रु. का लोकार्पण व सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन भवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख रु. का भूमिपजन विधायक श्री शर्मा के करकमलो से संपन्न हुआ7






इस अवसर पर विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन ग्राम रायखेड़ा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ।माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत ग्रामीणजनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना।

इस कार्यकर्म में विधायक श्री अनुज शर्मा, श्री टिकेश्व 'मनहरे,श्री चंद्रकांत साहू सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे7







# निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने वार्ड 57 बस्ती में नाला सफाई करवाई

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड नम्बर 57 के पार्षद श्री अमर गिदवानी ने वार्ड नम्बर 57 की अरविन्द नगर बस्ती में नाला सफाई का निरीक्षण किया और जोन 4 स्वास्थ्य अमले के सफाई कामगारों से तत्काल सफाई करवाई.साथ ही बारिश के पूर्व नालों की सुव्यवस्थित तरीके से अच्छी सफाई करवाने के निर्देश सम्बंधित नगर निगम जोन 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीरेन्द्र चंद्राकर को दिए, ताकि बारिश में जलभराव की समस्या ना आये.

# साथ आये उद्धव-राज ठाकरे की मराठी मानुषों पर सियासी नजर

अजय कुमार वरिष्ठ पत्रकार

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा खेला हुआ है। दशकों से सियासत की दुनिया में एक-दूसरे के दुश्मन बने दो भाई एक हो गये हैं। बात राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की हो रही है। दोनों भाइयों ने एक साथ आने पर एक सुर में प्रतिक्रिया व्यक्त की। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने कहाकि जो बाल साहब ठाकरे नहीं कर सके, वह आज देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया। उन्होंने हम दोनों भाइयों को साथ खड़ा कर दिया। वहीं, इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि हम क्या कहते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है यह है कि हम साथ हैं। हम साथ आए हैं और साथ ही रहेंगे। हमें इस्तेमाल करके फेंकने वालों को अब हम फेंकेंगे।



इस मौके पर दोनों ने कई मुद्दो पर अपनी प्रतिक्रिया दीं। उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपने हमें बहुत इस्तेमाल कर लिया है। अगर आपके पास बालासाहेब ठाकरे का समर्थन न होता तो आपको महाराष्ट्र में कौन जानता? आप हमें हिंदुत्व सिखाने वाले हैं कौन? उद्धव ने कहा कि जब मुंबई में दंगे हो रहे थे मराठा लोगों ने महारष्ट्र में सभी हिंदुओं को बचाया था, चाहे वो कोई भी होंगे। अगर आप विरोध के लिए, न्याय पाने के लिए लड़ रहे मराठी लोगों को गुंडा कह रहे हैं तो ठीक है, हम गुंडा हैं।इससे पहले इस मौके पर राज ठाकरे ने कहा कि हिंदी अच्छी भाषा है। हमें हिंदी अच्छी लगती है। सारी भाषाएं अच्छी हैं। लेकिन हिंदी भाषा को थोपा जाना बर्दाश्त नहीं। राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठी लोगों की मजबूत एकता के कारण त्रिभाषा फार्मूले पर फैसला वापस लिया। त्रिभाषा फार्मूला पर फैसला मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश का मुख्य हिस्सा था।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्र सरकार पर कथित रूप से देशभर में हिंदी थोपने को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की आलोचना की, बल्कि भारतीय जनता पार्टी ( को भी उसकी हिंदुत्व की परिभाषा पर सवालों के घेरे में खड़ा किया। राज ठाकरे ने लाल कृष्ण आडवाणी का उदाहरण देते हुए कहा, एलके आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं। क्या वह कम हिंदू हो गए? राज ठाकरे ने आगे कहा कि भाषा का व्यक्ति से क्या लेना-देना? उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की। बालासाहेब ठाकरे ने अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई की, अंग्रेजी अखबार में काम किया लेकिन मराठी को लेकर कभी समझौता नहीं किया। दक्षिण भारत के कई राजनीतिक नेता और फिल्मी हस्तियां अंग्रेजी विद्यालयों में पढ़ी, लेकिन उन्हें तमिल और तेलुगु भाषा पर गर्व है। लालकृष्ण आडवाणी ने सेंट पैट्रिक हाईस्कूल में पढ़ाई की, जो एक मिशनरी स्कूल था, लेकिन उनके हिंदुत्व पर शक कर सकते हैं? मनसे प्रमुख ने कहाकि महाराष्ट्रसे कर सकते हैं करेंगे। राज ठाकरे ने इस दौरान कहा कि भाषा के बाद यह लोग जाति की राजनीति करेंगे।

# मुखर्जी की जयन्ती पर गणमान्यजनों, आमजनों ने किया नमन

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

पूर्व केन्द्रीय मन्त्री,समाज सुधारक, शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयन्ती पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे, पश्चिम विधायक राजेश मूणत, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, सभापति सूर्यकान्त राठौड़,संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, पार्षदों, गणमान्यजनों , आमजनों ने किया नमन आज पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद कोलकाता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयन्ती पर नमन करने राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग में शारदा चौक के किनारे स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन 2 के सहयोग से पुष्पांजलि आयोजन रखा गया.



संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मती मीनल चौबे, प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पांश्चम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, निगम संस्कृति विभाग द्यद्ग अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य सर्व अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, रायपुर जिला शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष छगन लाल मुंदडा, सामाजिक कार्यकर्त्ता सत्यम दुआ, सोनू सलूजा सहित विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सादर नमन किया.

# महापौर चौबे के निर्देश पर मैथली शरण गुप्त गार्डन से झूले हटाने का कार्य प्रारंभ



रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

विदित हो कि कल महापौर ने कंपनी को आदेशित किया था.आज कंपनी ने महापौर के आदेश को मानकर झूले हटाने का काम प्रारंभ कर दिया है.

घटनाक्रम महापौर मीनल चौबे ने तेलीबांधा तालाब के मैथिली शरण गुप्त गार्डन का दौरा किया.निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि गार्डन में लगे झूले गलत तरीके से और अधिनियमों के विरुद्ध स्थापित किए गए थे.

महापौर का निर्देश- मीनल चौबे ने संबंधित कंपनी को 24 घंटे के भीतर उन झूलों को हटाने का निर्देश दिया था.

महापौर के आदेश का पालन करते हुए, कंपनी ने गार्डन से झूले हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है. महापौर ने अधिकारियों को

यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर सुविधाएं नियमों के अनुसार हों.

# स्वदेशी मेला की प्रांतीय कार्यशाला संपन्न




रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

प्रांत मे दस स्वदेशी मेला के आयोजन का लक्ष्य प्रदेश का प्रथम मेला बस्तर मे। छत्तीसगढ़ के बहूप्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का आयोजन इस वर्ष अन्य जिलों में भी किया जाएगा, स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा प्रदेश मे आयोजित होने वाले स्वदेशी मेलो की प्रांतीय कार्यशाला, 3 जुलाई को रायपुर के स्वदेशी भवन मे सम्पन्न हुई, जिसमे बिलासपुर, रायपुर, कवर्धा, राजनांदगाव, कांकेर, धमतरी, जगदलपुर ज़िलों के अपेक्षित प्रमुख दायित्ववान कार्यकर्ता जैसे मेला संयोजक, सह संयोजक, कार्यक्रम प्रभारी, संयोजक जैसे प्रमुख अपेक्षित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण अथवा कार्यशाला आगामी मेलो की तिथि व करणीय कार्य के लिए अपेक्षित की गयी थी।

### उद्घाटन प्रथम सत्र

प्रथम सत्र- मंचस्थ अतिथिगण स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल जी, संरक्षक गोपाल कृष्ण अग्रवाल जी, स्वदेशी कार्यकर्ता एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा जी, प्रांत मेला प्रमुख अमर बंसल जी, बिलासपुर मेला संयोजक और वरिष्ठ नेत्र चिकत्सक डॉ ललित मखीजा जी मंच पर उपस्थित रहे, इस उद्घाटन सत्र में प्रदेश से 46 कायकता उपस्थित हुए, स्वदेशी मेला के प्रबंधक एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख सुब्रत चाकी जी ने इस कार्यशाला एवं बैठक की परिकल्पना एवं प्रस्तावना रखी, उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्थानीय आयोजन समिति के कार्य का निर्धारण पूर्व नियोजन कैसे किया जा सकता है इस पर उन्होंने विस्तृत जानकारी दी, प्रारंभ से मेला से जुड़े संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल कृष्ण अग्रवाल जी ने वर्ष 2004 से 2025 तक के उतार -चढाव और चुनौतियों को बताया, अथक प्रयास और संगठन दल-बल से प्रथम मेला 17 से 23 फरवरी 2005 मे पहले मेले का आयोजन रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा आउटडोर स्टेडियम मे आयोजित किया गया था, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल जी ने स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी मेला की परिकल्पना पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस उद्घाटन सत्र का संचालन प्रांत पत्रिका प्रमुख जी आर जगत ने किया,आभार बिलासपुर संभाग महिला कार्य प्रमुख डॉ. नीता वास्तव जी ने किया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर नमन किया

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने आज अपने निवास कार्यालय में स्व. डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया और उनके अतुलनीय योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, नि:स्वार्थ सेवा और अखंड भारत के प्रति अटूट संकल्प का प्रतीक है। वे दूरदर्शी राजनीतिज्ञ के साथ ही समाज के सजग चिंतक और शिक्षा, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर भी थे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया और उनका बलिदान आज भी भारतीय संप्रभुता का अमिट अध्याय है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सपना एक सशक्त, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत का था। उन्होंने भारत में वैचारिक स्पष्टता और सिद्धांतों की राजनीति की नींव रखी। उन्होंने अपने संकल्प से भारतीय राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को सशक्त आधार प्रदान किया। साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं और उनके आदर्शों का अनुसरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके सपनों को साकार करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समृद्ध, स्वाभिमानी और सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।



## शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार बहुत ज़रूरी हैं,अच्छे संस्कार ही आपकी पहचान होगी-अनुज

# एक भी बच्चा छूटेगा, शत-प्रतिशत शिक्षित भारत का संकल्प टूटेगा-अनुज

**मुयमंत्री विष्णु देव साय ने महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।**

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार बहुत ज़रूरी हैं,अच्छे संस्कार ही आपकी पहचान होगी आज धरसींवा विधानसभा के ग्राम रायखेड़ा के स्वामी आत्मानंद शास, हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय,ग्राम दोन्देकला के शास उच्च माध्य विद्यालय ,ग्राम चरौदा के शास. कन्या स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव मे विधायक पद्म अनुज शर्मा शामिल हुए7



आज के इस शाला प्रवेश उत्सव में देश और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य गढ़ने वाले प्यारे बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर विधायक अनुज शर्मा ने स्वागत किया और छात्र-छात्राओं को शिक्षा सामग्री वितरित कर शुभकामनाएं दी व बच्चों के साथ मिल कर वृक्षारोपण भी किया गया और विधायक शर्मा ने एक छात्र को अपने प्रतिनिधि के रूप में उस वृक्ष कि देखभाल कि ज़िम्मेदारी दी7 विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य है कि-हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराना है,शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित समाज की नींव भी है। हर व्यक्ति को ज्ञान अर्जन की दिशा में बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह उसका मौलिक अधिकार है।राज्य के हर गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा देना हमारी छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।आप सभी बच्चे पूरी मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर जीवन के किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। मैं ईश्वर से आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। इस कार्यक्रम में विधायक अनुज शर्मा, मति सविता चंद्राकर, मति शकुंतला ढीलेंद्र सेन, दिनेश खटे सहित शिक्षकगण व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# रायन शाला में अलंकरण समारोह का आयोजन

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

रायन इंटरनेशनल शाला में आज सांसद गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस औफ्यारिक समारोह में, शाला के वि?द्यार्थियों को विभिन्न पदों पर अलंकृत कर विद्यार्थी परिषद के सदस्यों और सदनों के कप्तानों को शाला नेतृत्व और जम्मदारी की भूमिका समारोह का आरंभ बाईबिलू पठन स्कूल प्रार्थना तथा विशेष प्रार्थना के दुवारा किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने प्रभु की महिमा में स्तुतिगान प्रस्तुत किए । शाला राष्ट्रपति



के नेतृत्व में ध्वजारोहण के साथ मार्च पास्ट किया गया। विद्यार्थियों को %मान प्रदान करने के लिए इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से मुकेश सौरी एवं सतीश पुरिया सब इंस्पेक्टर रायपुर क्राइम ब्रांच उपस्थित रहे, जिनका गाना परंपरा अनुसार नन्हा पौधा व स्वागत भाषण के साथ सम्मान किया गया। मुख्य अतिथियों दवार। सभी नवनिर्वाचित शाला सांसद परिषद के वि?द्यार्थियों की उनके पदों से संबंधित बैंच एवं स्काफ पहनाकर सम्मानित किया गया। शाला परिषद के माता-पिता भी इस शपथ समारोह के गवाह बने, जिन्हें अपने बच्चों की शामा के विभिन्न पदों पर नियुक्त होने पर गर्व महसूस हुआ और उनकी आँखे नम हो आई। इस अवसर पर राष्ट्रपति के पद पर मन्नत सचदेवा, उपराष्ट्रपति शौर्य साहू प्रधानमंत्री जाहनवी सिंग, दिसी मंत्री रिद्धीमा रस्तोगी, स्पीकर आहता तिवारी डिप्यूटी स्पीकर- रिषीका द्विवेदी व संगीत मंत्री के पद पर आदित्य इहागडल का चयन किया गया।



### काजोल ने डीडीएलजे के सीक्वल पर कह दी बड़ी बात!

# मां का किरदार करते वक्त मुझे लगा कि आज के जमाने में मां का किरदार थोड़ा बदल गया है

**बाजीगर, गुप्त, कुछ कुछ होता है, प्यार तो होना ही था, त्रिभंगा और दो पत्ती जैसे प्रोजेक्ट से दर्शकों का मनोरंजन कर चुकीं काजोल इन दिनों फिल्म मां को लेकर चर्चा में हैं।**

**आजकल सभी ऐक्टर्स अपनी पुरानी फिल्मों का पार्ट टू ला रहे हैं। आपको कभी नहीं लगता कि आपकी सुपरहिट फिल्म दिलवाले दुलहनिया ले जाएंगे का सीक्वल बनना चाहिए?**

नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता कि डीडीएलजे का सीक्वल बनना चाहिए। अगर बनती है तो मैं उसमें क्या करूंगी? वह कहानी तो वहीं खत्म हो गई थी। ट्रेन पर चढ़ते ही वह कहानी खत्म हो गई। द हैपी एंडिंग फॉर एवर। मुझे लगता है कि अगर कभी बनी तो आदी (फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा) इसका सीक्वल बनाएगा।

**आजकल ट्रेंड हैं कि जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसका सीक्वल प्लान किया जाता है। जबकि हॉलिवुड में इसका उलट होता है?**

लेकिन ज्यादातर वे भी यही करते हैं। वे शायद हमसे थोड़े ज्यादा ऑर्गेनाइज्ड है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। आप दुनियाभर में कहीं भी जाओ, लेकिन जो फिल्ममेकिंग का प्रोसेस होता है, वह ज्यादातर एक जैसा ही होता है। यह भी होता है कि सीक्वल अनाउंस हुआ है लेकिन बना नहीं। कई बार पार्ट टू दस साल बाद भी बना है। मतलब प्लानिंग तो सब कर सकते हैं लेकिन उस पर काम करना अलग बात होती है और इसी पर सब निर्भर करता है।

**आप आजकल फीमेल लीड वाली फिल्म कर रही हैं। मगर हमारी फिल्म इंडस्ट्री में पुरुषों का दबदबा नजर आता है। तो जब उसमें फीमेल लीड वाली फिल्म आप करते हैं, तो अंदर से कैसा लगता है?**

मैं इसे फीमेल लीड वाली फिल्म नहीं कहूंगी। मैं कहूंगी कि ये किरदारों की फिल्म है, अच्छी फिल्म है। और मुझे लगता है कि आजकल के जमाने में, इसे अच्छी बात बोलो या बुरी बात बोलो, मगर ये मायने नहीं रखता कि फिल्म को लीड कौन कर रहा है। मुझे लगता है कि बड़े पर्दे पर जो फिल्म चलेगी, वह अच्छी फिल्म चलेगी। तो मैं ये कहूंगी इस फिल्म के बारे में कि बहुत मजा आया है बनाने में और हमने बहुत मेहनत की है। खून पसीना एक कर दिया। एक शॉट में तो मेरा खून असल में बहा है। तो हमें इस पर गर्व है और उसी गर्व के साथ हम अपनी फिल्म ऑडियंस के लिए ला रहे हैं। और हम खुशी से कह सकते हैं कि इस फिल्म की जो क्वालिटी है, वह बरकरार रहेगी।

**क्या काजोल रियल लाइफ में भी अपने बच्चों के लिए इतनी ही केयरिंग मदर हैं?**

बिल्कुल, मैं अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती हूं। मैं उनका बेहद ख्याल रखती हूं। फिर चाहे रील हो या रियल लाइफ, मैं बच्चों के लिए हमेशा तैयार हूं।

**आपने इस बार माइथॉलजिकल हॉरर जॉनर ट्राय किया है। इसका अनुभव कैसा रहा?**

माइथोलॉजिकल हॉरर है। कहानी (फिल्म मां) मुझे बहुत पसंद है, ये कालिमा और रक्तबीज की कहानी है। तो मैंने हमेशा सोचा ये मेरी पसंदीदा कहानी है। जब यह मेरे पास आई थी, तो मुझे ऐसा लगा था कि यह तो मुझे करनी ही है, फिर चाहे जो भी हो जाए। हमने पहले सोचा नहीं था कि हम इसको हॉरर पिक्चर बनाएंगे, लेकिन जिस तरह से स्क्रिप्ट लिखी गई, उसके बाद हमें हॉरर का टैग जोड़ना पड़ा।



**आजकल तो फिल्मों के यूनिवर्स का जमाना है। क्या आपकी यह फिल्म शैतान फिल्म यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली है?**

अगर यह फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन करेगी, तो ऐसा भी हो सकता है। यह सब फिल्म की सफलता पर निर्भर करता है। जब यह पिक्चर हिट होगी, तब हम बताएंगे इसका अगला यूनिवर्स क्या है।



**डीडीएलजे में आपकी मां ने आपको सपोर्ट किया था। पिछले दिनों आप भी फिल्म मां में अपनी बेटी को सपोर्ट करती नजर आईं। किस तरह का बदलाव महसूस करती हैं आप पर्दे पर बेटी से लेकर मां तक की यात्रा का?**

अपनी बेटी के लिए भी कुछ करने को तैयार मां का किरदार करते वक्त मुझे लगा कि आज के जमाने में मां का किरदार थोड़ा बदल गया है। हालांकि बेसिक इमोशन तो वही हैं। फिर हम चाहे जो भी बन जाएं, लेकिन आखिर में हैं तो हम सब अपनी मां के बच्चे ही।

**बॉलीवुड में काम करना अभिनेत्रियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। बावजूद इसके आप सिनेमा इंडस्ट्री में तीन दशक से ज्यादा समय बिता चुकी हैं। अभी भी आपको दर्शकों से उतना ही प्यार मिल रहा है। आप इसे कैसे देखती हैं?**

काजोल ने कहा- मुझे बहुत अच्छा लगता है क्योंकि दर्शकों ने मुझे मेरे हरेक अंदाज में देखा है। उन्होंने मुझे 16 साल की उम्र से लेकर मौजूदा उम्र तक देखा है जबकि मैं उम्र के पांच दशक पूरे कर चुकी हूं। उन्होंने मुझे हर तरीके और हर नजरिए से देखा है। मसलन उन्होंने मुझे मोटी, पतली, लंबे बाल, छोटे बाल, प्रेग्नेंट और बच्चों के साथ देखा है। वहीं उन्होंने मुझे ऊपर उठते हुए और असफल होते हुए भी देखा है। बावजूद इसके मेरे चाहने वालों ने मुझे हमेशा इतना प्यार दिया है, इसके लिए मैं उनकी बेहद आभारी हूं।




## काजोल, पृथ्वीराज सुकुमारन, इब्राहिम अली खान की सरजमीन का ट्रेलर जारी

काजोल, पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान अभिनीत सरजमीन का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसने नेटिजन्स का ध्यान आकर्षित किया है। कायोज ईरानी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने विजय मेनन की भूमिका निभाई है एक ऐसा व्यक्ति जो पिता के प्यार और एक सैनिक के कर्तव्य के बीच फंसा हुआ है, काजोल ने मेहर की भूमिका निभाई है एक माँ जो अपने परिवार को बचाने के लिए सभी बुजुर्गों से लड़ती है, और इब्राहिम अली खान ने हरमन की भूमिका निभाई है एक कमजोर युवा जो दोराहे पर फँसा हुआ है। दर्शकों के बीच सरजमीन पेश करने को लेकर उत्साहित कायोज ने एक प्रेस नोट में कहा, सरजमीन एक निर्देशक के तौर पर मेरी पहली फीचर फ़िल्म है और मुझे इस पर बेहद गर्व है। यह कहानी मेरे दिमाग में एक फुसफुसाहट की तरह आई और जल्दी ही एक दहाड़ बन गई जिसे मैं अनदेखा नहीं कर सका। यह भावनात्मक है, यह गहन है, और यह बड़े सवाल पूछती है लेकिन इसके मूल में, यह प्यार, पहचान और एक अव्यवस्थित दुनिया में अपनी जगह खोजने के बारे में है। यह आज की दुनिया की प्रतिध्वनि है और यह इसकी जटिलता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा, काजोल मैम, पृथ्वीराज सर और इब्राहिम को निर्देशित करना एक अवास्तविक अनुभव था, उन्होंने अपने किरदारों में इतनी संवेदनशीलता लाई और इसने सब कुछ बदल दिया। पृथ्वीराज सुकुमारन और काजोल ने भी फिल्म में काम करने के अपने अनुभव साझा किए। पृथ्वीराज ने कहा, जब मैंने सरजमीन की स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी से मुझे पता था कि यह एक ऐसा किरदार है जिसे मुझे निभाना चाहिए। यह कई परतों वाला, गहन है और कर्तव्य और प्रेम के नाम पर हमारे द्वारा किए गए विकल्पों की भावनात्मक कीमत को दर्शाता है। इस किरदार को निभाने से मुझे ऐसे तरीके मिले जिसकी मैंने उम्मीद नहीं की थी- इसने मेरे विश्वासों को चुनौती दी और मुझे चुप्पी, वफ़ादारी और सच्चाई के वजन पर विचार करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी कच्ची, वास्तविक और गूंजने वाली चीज का हिस्सा होने पर गर्व है। काजोल ने कहा, सरजमीन में एक भावनात्मक गहराई की जरूरत थी जिसने एक अभिनेता के तौर पर मुझे वाकई आकर्षित किया। यह भूमिका मेरे लिए बहुत ही व्यक्तिगत स्तर पर गूंजती है। मुझे इब्राहिम को इस तरह के जटिल किरदार को जीवंत करते हुए देखकर खुशी हुई और मैं उसके लिए बहुत उत्साहित हूँ। सरजमीन में मेरे किरदार में कई परतें हैं, वह कहानी का भावनात्मक केंद्र है और कायोज की दृष्टि ने इसे स्क्रीन पर एक आकर्षक तरीके से चित्रित किया है। मैं फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं इब्राहिम अली खान ने भी अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, सरजमीन एक भावनात्मक मील का पत्थर है जिसे मैं हमेशा अपने साथ लेकर चलूंगा। इसने मुझे उन तरीकों से चुनौती दी जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी। मेरा किरदार प्यार, वफ़ादारी और सच्चाई के बीच फंसा हुआ है, और उस भावनात्मक स्पेक्ट्रम को नेविगेट करना सबसे गहन सीखने की अवस्था थी। काजोल मैम और पृथ्वीराज सर को एक्शन में देखना एक ख़ज़ाना था, वे अपनी कला में बहुत शालीन और सहज हैं और इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कायोज ने भी मुझे सभी सही तरीकों से प्रेरित किया, उन्होंने गहराई, स्थिरता और भेद्यता की मांग की। मैंने सरजमीन में अपना दिल और आत्मा लगा दी है और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह फ़िल्म देखने में मजा आएगा। सरजमीन जैसी कहानियाँ हर किसी को, हर जगह देखने और महसूस करने लायक हैं। सरजमीन का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले हीरू यश जौहर, करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता द्वारा किया गया है।

## सबके लिए लग्जरी नियम नहीं होते, हेल्दी लाइफ के लिए काम के घंटे तय होने चाहिए : श्रिया पिलगांवकर

**ज्यादातर स्टार किड्स को उनके माता-पिता के नाम से जाना जाता है, लेकिन श्रिया पिलगांवकर ने इंडस्ट्री में अपनी जगह खुद बनाई है। हालांकि उनके माता-पिता सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर इंडस्ट्री में बड़ा नाम हैं, लेकिन श्रेया ने कभी इसे सफलता की गारंटी नहीं माना।**

**आप ज्यादातर थ्रिलर जॉनर के प्रोजेक्ट्स में काम करती आई हैं, क्या आपको थ्रिलर जॉनर ही पसंद है या इंडस्ट्री में आपको ऐसे ही ऑफर मिलते रहे हैं?**

श्रिया पिलगांवकर बोलीं- दरअसल, मुझे रोमांटिक लव स्टोरीज से बहुत प्यार है, (हंसते) लेकिन बतौर एक्ट्रेस मुझे ज्यादातर थ्रिलर ऑफर हुई हैं, तो मैं क्या करूं। मैं बहुत चाहती हूं कि रोम-कॉम करूं, लव स्टोरीज करूं, मैं कुछ कॉमेडी करना चाहती हूं, पर उसे करने का ज्यादा मौका मिला नहीं है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री का एक दौर होता है, जब किसी जॉनर को ज्यादा महत्व दिया जाता है, तो मुझे लगता है कि रोम-कॉम, कॉमेडी से ज्यादा अभी थ्रिलर, ड्रामा अधिक बन रहे हैं। लेकिन मैं खुश हूं कि मुझे जिस तरह अलग-अलग किरदार करने का मौका मिला है, चाहे वो वकील का हो, सेक्स वर्कर को हो या फिर पुलिस अधिकारी का हो, उससे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है।

**आपने जितने भी किरदार किए हैं, उसमें एक मजबूत महिला रही हैं। निजी जिंदगी में आप कितनी मजबूत हैं?**

(हंसते हुए) कुछ दिन होते हैं, जब मैं बहुत मजबूत महसूस करती हूं, कुछ दिन होते हैं जब मैं स्ट्रॉन्ग महसूस नहीं करती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ताकत उसी में है कि आप अपनी कमियां और ताकत दोनों को अपनाएं। बिल्कुल मेरी एक इमोशनल स्ट्रेंथ है, जहां मुझे लगता है कि मैं मजबूत





हूं और मुझमें आत्मविश्वास है। लेकिन हर इंसान हमेशा ऐसा नहीं हो पाता। बतौर एक्टर मुझे लगता है कि हम कभी-कभी एक शब्द से ही किरदार को डिफाइन कर देते हैं, जबकि उन किरदारों में और भी बहुत कुछ होता है, जिसे एक शब्द से परिभाषित नहीं किया जा सकता।

**आजकल फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के घंटे कितने हों इसकी काफी बात हो रही है। दीपिका पादुकोण की वजह से ये मुद्दा अभी उठा है लेकिन पहले भी इस पर बात होती रही है। आपका इस बारे में क्या सोचना है?**

दरअसल, दीपिका वाले मामले में जिस वजह से वो कहा गया था, वो एकदम अलग मामला है। मुझे लगता है कि हमारे यहां पर काम के घंटे को लेकर बने नियम उतने सख्ती से फॉलो नहीं किए जाते, जितने किए जाने चाहिए। मैं अभी तक उस मुकाम पर नहीं पहुंची हूं, जहां मैं कह सकूं कि मैं इतने घंटे काम करूंगी या इतने घंटे नहीं करूंगी। लेकिन इतना मैं समझती हूं कि खासतौर पर पोस्ट डिलिवरी और मां होने पर उन पलों को जीने के लिए ये जरूरी है कि आप उतना वक्त निकालें। यहां सही वाला जवाब नहीं है, लेकिन हेल्दी और प्रोफेशनल लाइफ में एक समय सीमा तय होना जरूरी है। हमारी इंडस्ट्री में इसको लेकर कोई नियम कायदे नहीं हैं और सच कहूं तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ हो भी पाएगा। आप किस स्तर के स्टार हैं, ये उस चीज पर निर्भर करता है। सबके लिए लग्जरी नियम नहीं होते। मुझे लगता है कि दीपिका पादुकोण ने जो कहा है वो गलत नहीं है। उनकी जिंदगी में क्या स्थिति और जरूरत है, उनकी बेटी हुई है, उसके हिसाब से ये ठीक है।

**लंबे समय से स्टार किड्स पर बात हो रही है। क्या आपको इसका फायदा मिला है, आपका इस बारे में क्या सोचना है?**

बिल्कुल इसमें कोई दो राय नहीं है कि आप अगर स्टार किड्स हैं तो आपको प्रिवलेज मिलता है। लेकिन वो मदद सफलता की गारंटी नहीं होती। मेरी बाकी स्टार किड्स की जर्नी पर कोई कमेंट नहीं करूंगी। पर इसका मतलब ये नहीं है कि प्रिवलेज नहीं है, बिल्कुल स्टार किड्स होने के नाते मेरे लिए भी ये एक प्रिवलेज है, मेरे पापा और मम्मी का अनुभव मुझे मदद करता है, लेकिन आखिर में आपको खुद को साबित करना होता है। आज शाहरुख खान, इरफान खान, अभय वर्मा, जयदीप अहलावत ये सब एक्टर्स ने बिना कोई फिल्मी बैकग्राउंड के अपना नाम बनाया है। तो वहीं इंडस्ट्री के स्टार किड्स भी मौजूद हैं। एक दो मौके स्टार किड्स की वजह से मिलेंगे लेकिन आगे तो आपको खुद ही सब कुछ करना होता है।

**आपकी वेब सीरीज छल कपट के बारे में बताएं?**

ये एक मर्डर मिस्ट्री जॉनर की वेब सीरीज है। मैं निजी तौर पर बचपन से ही इस जॉनर को काफी पसंद करती हूं। मैं पहली बार एक पुलिस अधिकारी का रोल अदा कर रही हूं। और जब आप वो वर्दी पहनते हैं, तो एक अलग तरह की जिम्मेदारी का अहसास होता है, आपको एक शक्ति फील होती है। मुझे इसे करने में बहुत मजा आया क्योंकि ये जो कहानी है, इसमें दिखाया गया है कि शादी के घर में मर्डर हुआ है, उसमें दोस्तों की भी कहानी है, उनके बीच तनाव की भी कहानी है, और उसी समय में मेरी देविका राठौड़ की कहानी भी दिखती है।

## ओटीटी के दौर में आमिर खान ने चुना थिएटर

### सितारे जमीन पर के लिए सिनेमाघर मालिकों ने तारीफ की, दिया गया स्पेशल रिकॉग्निशन अवॉर्ड



आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। देशभर में इसने 100 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसमें आमिर का किरदार एक कोच का है। गौरतलब है कि कई फिल्ममेकर आजकल अपनी फिल्में सीधे ओटीटी पर रिलीज कर रहे हैं, लेकिन आमिर ने इसे सिनेमाघरों में लाने का फैसला किया। इस फैसले की सराहना देशभर के सिनेमाघर मालिकों और एग्जिबिटर्स ने की। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त प्रदर्शन रहा है। इसने न सिर्फ आमिर की सेंसिटिव स्टोरीटेलिंग को फिर से साबित किया है, बल्कि थिएटर में परिवार के साथ देखने वाली फिल्मों की अहमियत को भी एक बार फिर सामने रखा है। फिल्म की जबरदस्त कामयाबी का जश्न मनाने के लिए मल्टीप्लेक्स एग्जिबिटर्स की तरफ से एक खास इवेंट रखा गया, जिसमें आमिर खुद शामिल हुए। इस इवेंट के दौरान जब एग्जिबिटर्स ने आमिर को सम्मान के तौर पर छोटी-छोटी यादगार चीजें भेंट कीं। पीवीआर सिनेमा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, जब सितारे एक साथ आते हैं, तो जादू होता है! पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स और सिनेपोलिस ने मिलकर सितारे जमीन पर की कामयाबी को सेलिब्रेट करने के लिए एक खास शाम रखी, जिसमें देशभर के एग्जिबिटर्स शामिल हुए और मिस्टर आमिर खान को सम्मानित किया गया। चलिए जश्न मनाते हैं इस फिल्म की सफलता और उस शाम का जो पूरी तरह सिनेमा के नाम रही!

**फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई :** बता दें कि सितारे जमीन पर का निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने किया है। इसे आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म स्पेन की 2018 की मूवी चैम्पियंस का आधिकारिक रीमेक है। फिल्म में एक सस्पेंड किए गए बास्केटबॉल कोच की कहानी है जिसे समाज सेवा के तौर पर दिव्यांग खिलाड़ियों की टीम तैयार करनी होती है। वह उन बच्चों की टीम तैयार करता है जिन्हें डाउन सिंड्रोम है। सिनेमाघरों में यह 20 जून 2025 को रिलीज हुई।

# शुभमन 1 टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय

## भारत ने पहली बार हजार रन बनाए, गिल ने 11 छक्के लगाए




बर्मिंघम।

बर्मिंघम टेस्ट जीतने के लिए भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया।

### शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे।

### शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय

शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी भी बने।

### शुभमन 1 टेस्ट में दूसरे हाईएस्ट स्कोरर

शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

### गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के एंड्रयू फ्लिंटॉफ, बेन स्टोक्स और भारत के ऋषभ पंत को पीछे छोड़ा। तीनों के नाम 9-9 छक्के का रिकॉर्ड था।

### पंत इंग्लैंड में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले विदेशी

ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में 3 छक्के लगाए। इसी के साथ इंग्लैंड में उनके नाम 24 छक्के हो गए। वे होमग्राउंड से बाहर किसी एक देश में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ा, जिनके नाम साउथ अफ्रीका में 21 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है।

### साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया देशों में पंत के 2 हजार रन पूरे

ऋषभ पंत ने 65 रन की पारी के साथ साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया में 2 हजार टेस्ट रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले एशिया के पहले ही विकेटकीपर बैटर बने। उनके बाद एमएस धोनी के नाम 1731 रन हैं।

### भारत ने पहली बार हजार रन बनाए

भारत ने पहली पारी में 587 और दूसरी पारी में 427 रन बना दिए। टीम इंडिया ने मुकाबले में 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में पहली बार ही भारत ने हजार रन का आंकड़ा पार किया। इससे पहले 2003 में सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने 916 रन बनाए थे।




### फैक्ट्स...

ऋषभ पंत ने मौजूदा सीरीज में 300 रन पूरे कर लिए। उन्होंने साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया देशों की टेस्ट सीरीज में तीसरी बार 300 प्लस रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले एशिया के इकलौते विकेटकीपर बैटर हैं। टीम इंडिया के बैटर्स ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के 2 ही टेस्ट में 7 शतक लगा दिए हैं। भारत से बाहर की सीरीज में टीम इंडिया ने पहली बार एक सीरीज में इतनी ज्यादा सेंचुरी लगाई। भारत ने 2 ही टेस्ट में 1850 रन बना दिए हैं। घर से बाहर की सीरीज में भारत ने पहली बार किसी सीरीज में इतने ज्यादा रन बनाए। शुभमन ने अपना 17वां इंटरनेशनल शतक लगाया। इसके लिए उन्होंने 139 पारियां लीं। 82 सेंचुरी लगा चुके विराट कोहली ने भी अपना 17वां शतक 139वीं पारी में ही लगाया था। ऋषभ पंत ने 79 पारियों में 24वीं बार 50 रन का आंकड़ा पार किया। इस मामले में उन्होंने विकेटकीपर धोनी की बराबरी की। धोनी ने भी 79 पारियों में 24 बार 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। शुभमन गिल एक टेस्ट में 250 और 150 रन बनाने वाले दुनिया के पहले ही बैटर बने। ग्राहम गूच और कुमार संगकारा के नाम टेस्ट में 300 और 100 रन बनाने का रिकॉर्ड है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लंदन के इंडिया हाउस में भव्य स्वागत



नई दिल्ली।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम इन दिनों पांच मैचों की टी20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड में हैं। दोनों टीमों के बीच पहले टी20 सीरीज खेली जा रही है, जिसमें भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही है। दोनों टीम के बीच चौथा टी20 मैच 9 जुलाई को खेला जाएगा। इस बीच हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम का लंदन के इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में भारतीय टीम और सहयोगी भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने उनका स्वागत किया। हाई कमीशन ऑफ इंडिया इन लंदन ने रविवार ने एक्स पर बताया कि कल (शनिवार) इंडिया हाउस में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने टीम का स्वागत किया और महिला क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने तथा युवा लड़कियों को प्रेरित करने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ईसीबी क्रिकेट की प्रतिनिधि शिवानी ओबेरॉय, यूके की मंत्री सीमा मल्होत्रा और कोच अमोल मजूमदार ने भी इस अवसर पर बात रखी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उप उच्चायुक्त सुजीत जॉय घोष द्वारा संचालित एक हल्की-फुल्की बातचीत थी, जिसमें टीम के खिलाड़ी स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा और कोच अमोल मुजुमदार शामिल थे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) वुमेन ने इस कार्यक्रम को यादगार बताते हुए रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर किया है। बीसीसीआई वुमेन ने लिखा कि टीम इंडिया के लिए एक यादगार शाम रही, जब लंदन में भारतीय उच्चायोग ने टीम को रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया। बीसीसीआई ने आगे बताया कि टीम इंडिया ने उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी को हस्ताक्षरित जर्सी भेंट की।

# विंबलडन : नोवाक जोकोविच की 100वीं सिंगल्स जीत

## बेटी तारा ने पंप इट अप डांस किया, वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

नई दिल्ली।

विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर नोवाक जोकोविच ने अपने करियर की 100वीं विंबलडन सिंगल्स जीत दर्ज की। उन्होंने सर्बिया के ही मियोमिर केकमानोविच पर 6-3,6-0, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी 7 साल की बेटी तारा जोकोविच ने डांस करके सभी का दिल जीत लिया। मैच के बाद जब जोकोविच ऑन-कोर्ट इंटरव्यू दे रहे थे, तो उनसे इस डांस के बारे में पूछा गया। इस पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ये डांस मेरी बेटी तारा और बेटे के साथ हमारी एक फैमिली ट्रेडिशन बन चुका है। इस गाने का नाम है पंप इट अप।



### सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

टेनिस के वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को सीधे सेट में हरा दिया। दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स में भी नंबर-1 एरिना सबालेंका ने अपना मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बना ली।

### सिनर ने 3 डबल फॉल्ट किए

इटली के सिनर ने मार्टिनेज को 6-1, 6-3, 6-1 के अंतर से हराया। सिनर ने 3 बार अपनी सर्विस डबल फॉल्ट की और मार्टिनेज को पॉइंट्स दे दिए। मार्टिनेज ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। मेंस सिंगल्स में इटली के फ्लावियो कोबोली ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। उन्होंने चेक रिपब्लिक के याकुब मेनसिक को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

### मेंस डबल्स में भारत के बालाजी हारे

मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-6 जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। जो सालिसबरी और नील स्कूप्स्की की जोड़ी ने भारत के ऋत्विक चौधरी बोल्लिपाल्ली और कोलंबिया के निकोलस बारिंटोस की जोड़ी को 6-4, 7-6 (9-7) से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुएल एंजल की जोड़ी को वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटिना के होरासियो जेबालोस और स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स ने उन्हें 6-4, 6-4 से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली।

### विमेंस सिंगल्स में जीतीं सबालेंका

विमेंस सिंगल्स के थर्ड राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। उन्होंने ब्रिटेन की एमा राडुकानू को 7-6 (8-6), 6-4 से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में ऑस्ट्रेलिया की डारिया कासाकिना, स्पेन की जेसिका बौजास मनेरो, स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक, डेनमार्क की क्लारा टौसोन और रूस की मारा एंड्रिवा ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली।

# नीदरलैंड के खिलाफ शानदार फील्ड गोल के लिए दीपिका पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

नई दिल्ली।




भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। उन्हें यह उपलब्धि 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान विश्व नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ अपने अविश्वसनीय एकल फील्ड गोल के लिए मिली है। हॉकी इंडिया के अनुसार 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए और वोट करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई को सुबह 3:29 बजे (भारतीय समयानुसार) है। वोटिंग समाप्त होने के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों द्वारा इस आधार पर किया जाता है कि उन्हें लगता है कि सीजन के दौरान सबसे अच्छा पल और गोल किसने किया। दीपिका का प्रतिष्ठित क्षण फरवरी 2025 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुआ, जब भारतीय टीम ने कलिंगा स्टेडियम में 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। मैच में भारतीय टीम दो गोल से पीछे चल रही थी, लेकिन35वें मिनट में दीपिका ने एक शानदार फील्ड गोल किया था, जिससे टीम ने वापसी की और निर्धारित समय के बाद स्कोर 2-2 की बराबर था। इसके बाद शूटआउट में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया था। 21 वर्षीय इस बेहतरीन खिलाड़ी ने कहा, नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है।

सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में गेम जीतने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मुझे पॉलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किए जाने पर गर्व है और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूँ। ऐसे पलों के लिए हम इतनी मेहनत करते हैं। आपके वोट और समर्थन मुझे अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और भारत के लिए अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित करते हैं।

# ग्रेनेडा टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म, ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 254 रन की हुई

ग्रेनेडा।




वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में सात विकेट खोकर 221 रन बना लिए हैं। एलेक्स केरी 26 और कप्तान पैट कमिंस 4 बना कर क्रीज पर हैं। टीम की बढ़त 254 रन की हो गई है।

दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट पर 12 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को नाथन लियोन के रूप में पहला छटका लगा। लियोन 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टीम के लिए कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैमरून ग्रीन ने 123 गेंद पर 5 चौकों की मदद से 52 रन बनाए, वहीं स्मिथ ने 119 गेंदों में 7 चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन जड़े। इसके अलावा ट्रेविस हेड ने 60 गेंद पर 39 रन बनाए। ब्यू वेबस्टर मात्र 2 रन बना पाए। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में अब तक जायडेन सील्स, शमर जोसेफ, जस्टिन ग्रीव्स ने 2-2 विकेट और अल्जारी जोसेफ ने एक विकेट चटकाया। इससे पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रन प सिमट गई थी। इस तरह दूसरी पारी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया को 33 रन की लीड मिली थी। अब दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 221 रन बनाने के साथ टीम की कुल बढ़त 254 रन हो गई है।

**स्टीव स्मिथ ने लगाया 43 वां अर्धशतक :** स्टीव स्मिथ ने 71 रन की पारी खेली। यह उनका 43 वां अर्धशतक था। स्मिथ के अलावा कैमरून ग्रीन ने भी 52 रन बनाए। शनिवार को पहले सेशन में टीम के 28 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद कैमरून ग्रीन और स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। स्मिथ ने ग्रीन के साथ चौथे विकेट के लिए 153 गेंदों पर 93 रन की साझेदारी की।

उसके बाद उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 गेंदों पर 58 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन चाय के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया। एलेक्स केरी ने ट्रेविस हेड के साथ सातवें विकेट के लिए 47 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप की। बारिश के बाद शमार जोसेफ ने ट्रेविस हेड को बोल्ड किया।

# मैं शरीफ आदमी मेरा विवादों से पुराना नाता, हरियाणा का सपूत ही कुश्ती में ओलिंपिक गोल्ड मेडल लाएगा : विनेश फोगाट

चरखी दादरी।



भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह रविवार को हरियाणा में पहलवान विनेश फोगाट के गृह जिले चरखी दादरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वियतनाम में अंडर-17 एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहलवान रचना परमार को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम राजपूत सभा ने रखा था। जिसका फोगाट खाप विरोध कर रही थी। इसी वजह से माहौल तनावपूर्ण रहा लेकिन कड़ी पुलिस सुरक्षा में कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से निपटा। बृजभूषण ने भाजपा नेता व पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त को भी सम्मानित किया। इस दौरान बृजभूषण ने मंच से बोल रहे वक्ताओं को उनका पहलवानों से विवाद और खाप पंचायतों के उनके दौरे के विरोध को लेकर बोलने से रोक दिया। जिसने भी बोलने की कोशिश की, बृजभूषण इशारा कर उसे बीच में ही रोकते रहे। इस दौरान बृजभूषण ने कहा कि मैं शरीफ आदमी हूं। हालांकि विवादों से मेरा पुराना नाता रहा है। कुश्ती में ओलिंपिक मेडल न मिलने की बात कहते हुए बृजभूषण ने कहा कि हरियाणा का ही कोई सपूत यह मेडल लाएगा। कार्यक्रम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह और दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने बृजभूषण से मंच साझा नहीं किया। दोनों नेता बृजभूषण के आने से पहले कार्यक्रम में आए और समय की कमी बताकर चले गए।

**हरियाणा से प्यार करता हूं :** दादरी पहुंचे बृजभूषण ने कहा कि ओलिंपिक में अभी तक कुश्ती में भारत का गोल्ड मेडल नहीं आया है। लेकिन गोल्ड का सूखा खत्म होगा और हरियाणा का ही कोई सपूत इस उपलब्धि को हासिल कर भारत के लिए गोल्ड मेडल लाने का काम करेगा और इसकी जिम्मेवारी योगेश्वर दत्त की होगी। उन्होंने कहा वे हरियाणा से प्यार करते थे और करते रहेंगे।

**मैं बहुत शरीफ आदमी हूं :** बृजभूषण ने दादरी के लोगो को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं बहुत शरीफ आदमी हूं, जिसके बाद मंच और पंडाल में बैठे लोगों की हंसी छूट गई। बृजभूषण ने कहा कि उनकी शराफत का परिचय उनके इलाके में मिलेगा। यदि वे अयोध्या जाकर किसी के आगे भी उनका नाम ले देंगे तो वहीं पर उनको हर सुविधा मिल जाएगी।

**विवादों से मेरा पुराना नाता :** बृजभूषण ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले उनकी गिरफ्तारी करवाई थी। जब विवादित ढांचा गिराया गया तो सीबीआई ने 41 लोगों पर एफआईआर दर्ज की थी, जिनमें सबसे पहले गिरफ्तारी मेरी हुई थी। मेरा विवादों से पुराना नाता है।

**बृजभूषण की तारीफ में योगेश्वर बोले-कुछ लोगों ने ब्रेक लगाया था, अब कुश्ती पटरी पर लौटी :** कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं ओलिंपियन मेडलिस्ट योगेश्वर दत्त भी पहुंचे थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने बृजभूषण की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ी अपनी जेब से रुपए खर्च कर विदेश खेलने जाते थे, लेकिन बृजभूषण आने के बाद फेडरेशन ने कुश्ती को नहीं पहचान दी है और पूरा खर्चा फेडरेशन द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की वजह से बीच में कुछ ब्रेक लगा था, लेकिन फिर से अब कुश्ती पटरी पर लौट आई है।

# दोहरा शतक मारने की करूंगा कोशिश : वैभव

## रिकॉर्डतोड़ शतक के बाद वैभव सूर्यवंशी का अगला लक्ष्य

नई दिल्ली।

इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ चौथे यूथ वनडे मैच में 143 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने अपने अगले लक्ष्य को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि वह अगले मैच में 200 रन मारने की कोशिश करेंगे। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की यूथ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में सबसे तेज शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया। सूर्यवंशी ने महज 52 गेंदों में शतक पूरा किया और पाकिस्तान के कामरान गुलाम द्वारा 2013 में बनाए गए 53 गेंदों के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। युवा बल्लेबाज ने मैच में 78 गेंदों पर 143 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 10 छक्के शामिल थे। अपने रिकॉर्ड तोड़ शतक को लेकर बात करते हुए वैभव बताया है कि उनका अगला लक्ष्य दोहरा शतक लगाना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किए गए वीडियो में वैभव ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि 100 बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बनाया है, हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल से वैभव सूर्यवंशी को काफी इंस्पिरेशन मिली है।

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर सोमवार, 7 जुलाई 2025

pratidinrajdhani.in

# लगातार मांग बढ़ने से तांबे की कीमतें 980-1,020 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंचने की आसार

**एजेंसी, मुंबई।** तांबे की कीमत 10,000 डॉलर की सीमा के करीब पहुंचने के बाद, घरेलू मोर्चे पर 980–1,020 रुपए प्रति किलोग्राम और लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) पर 10,800–11,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुंचने के लिए तैयार है। यह जानकारी शनिवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, अधिशेष अनुमानों और लगातार मांग संबंधी चिंताओं के बीच नाजुक संतुलन बने हुए हैं। इस बीच अमेरिकी डॉलर में गिरावट, ट्रेजरी यील्ड में नरमी आने और ब्याज दरों में कटौती या कम वृद्धि की उम्मीदों सहित अनुकूल परिस्थितियां तांबे के लिए आगे की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति का नेतृत्व कर रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिकी डॉलर इंडेक्स तीन वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर है, क्योंकि ट्रेजरी यील्ड में नरमी आई है और दरों में कटौती या कम वृद्धि की उम्मीदें हैं। डॉलर में नरमी और निवेशकों के बीच जोखिम उठाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण कीमतों में और वृद्धि के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, तांबे के स्टॉक कम हो रहे हैं, जिससे वायदा कीमतों में भारी गिरावट आ रही है। एलएमई कैश–3एम स्प्रेड 100 डॉलर से ऊपर चला गया है, जो दर्शाता है कि तत्काल डिलीवरी के लिए तांबे की कमी है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के ग्रुप सीनियर वीपी–कमोडिटी रिसर्च, नवनीत दमानी ने कहा, कॉपर कॉम्प्लेक्स में सेंटीमेंट बदल रहा है और बाजार प्रतिभागी जो पहले सावधानी से पोजीशन ले रहे थे, वे धीरे–धीरे शॉर्ट कवर कर रहे हैं। कमोडिटी ट्रेडिंग सलाहकारों और सिस्टमैटिक फंड्स ने अपने दांव पलट दिए हैं क्योंकि मजबूत मांग और कम इन्वेंट्री ने उन्हें पोजीशन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा, सेंटीमेंट में यह बदलाव अक्सर लंबी रैलियों से पहले आता है, खासकर जब व्यापक अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा हो रिपोर्ट के अनुसार, एलएमई गोदाम के स्टॉक 1,00,000 टन से नीचे गिर गए हैं, जो लगभग दो वर्षों में सबसे कम स्तर है, जबकि कॉमेक्स स्टॉक तेज़ गति से बढ़ रहे हैं। इस आपूर्ति की कमी का मुख्य कारण व्यापारी बन रहे हैं, जो इस साल की शुरुआत में शुरू हुई तांबे के आयात की जांच के परिणामस्वरूप संभावित आयात शुल्क की प्रत्याशा में अमेरिकी बाजार में अनुमानित 400 किलोटन तांबे को जल्द से जल्द लाने की कोशिश कर रहे हैं।

# दक्षिण मध्य रेलवे को 143.3 करोड़ का ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली,** रेल मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने शनिवार को घोषणा की कि कंपनी ने दक्षिण मध्य रेलवे के साथ 143.3 करोड़ रुपए के नए कॉन्ट्रैक्ट के लिए लेटर ऑफ एग्रीमेंट (एलओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस प्रोजेक्ट में दक्षिण रेलवे के सेलम डिवीजन में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को अपग्रेड करना शामिल है।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, रेल विकास निगम लिमिटेड को इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन वर्क के लिए दक्षिण रेलवे से एलओए प्राप्त हुआ है।

विशेष रूप से सेलम जंक्शन – पोदनूर जंक्शन और इरुगुर – कोयंबटूर जंक्शन – पोदनूर जंक्शन सेक्शन पर मौजूदा 1×25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को अधिक एडवांस 2×25 केवी सिस्टम में परिवर्तित करना शामिल है।

फाइलिंग के अनुसार, अपग्रेडेशन से दक्षिण रेलवे को अपनी क्षमता बढ़ाने और 3,000 मीट्रिक टन माल ढुलाई के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा, यह प्रोजेक्ट 24 महीने की



अवधि में पूरा किया जाएगा और इसमें 143.3 करोड़ रुपए की लागत में लागू कर शामिल हैं।

आरवीएनएल की यह घोषणा 30 जून को रिपोर्ट की गई दक्षिण मध्य रेलवे की 213.22 करोड़ रुपए की एक अन्य रेलवे परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरने के तुरंत बाद हुआ है।

वित्त वर्ष 2025 में अब तक अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन के बावजूद, कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए 20,000–22,000 करोड़ रुपए के अपने राजस्व मार्गदर्शन की पुष्टि की है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शुक्रवार को आरवीएनएल के शेयर 391.2 रुपए प्रति शेयर पर स्थिर रहे।

कंपनी अपने विविध परियोजना पोर्टफोलियो के साथ मजबूत गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसमें नई रेलवे लाइनों का निर्माण, ट्रैक्स की डबलिंग, इलेक्ट्रिफिकेशन, मेट्रो परियोजनाएं, प्रमुख और केबल–स्टेड पुल और संस्थागत बुनियादी ढांचा शामिल हैं।

इस बीच, क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी की दिशा में रणनीतिक कदम उठाते हुए, आरवीएनएल परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी की संभावना भी तलाश रहा है। जून में मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि कंपनी रूस की सरकारी स्वामित्व वाली परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम के साथ

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील- अगले हफ्ते तय होगा बाजार का रुझान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। वित्त वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही के नतीजों, भारत–अमेरिका ट्रेड डील, मानसून की चाल और एफआईआई के डेटा से शेयर बाजार की चाल प्रभावित होगी। अगले हफ्ते से अप्रैल–जून तिमाही के नतीजों की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान 5पैसा, आनंदराठी, टाटा एलेक्सी, टीसीएस और डीमार्ट जैसी कंपनियों की ओर से नतीजे जारी किए जाएंगे।



भारत और अमेरिका में बातचीत के बाद भी अब तक ट्रेड डील को लेकर कोई स्पष्टता नहीं आई है। ऐसे में अगर इस ट्रेड डील पर कोई अपडेट आता है तो इससे शेयर बाजार की चाल प्रभावित होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी गई रेसिप्रोकल टैरिफ की डेडलाइन 9 जुलाई को समाप्त हो रही है।

इसके अतिरिक्त मानसून को लेकर से अपडेट भी आने वाले हफ्ते में बाजार के लिए अहम होगा।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले छह से सात दिनों के दौरान उत्तर–पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून भारतीय शेयर बाजार के लिए 30 जून से लेकर 4 जुलाई का कारोबारी हफ्ता उतार–चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,432.89 और निफ्टी 176.80 अंक या 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,461.00 पर बंद हुआ। समीक्षा अवधि में लार्जकैप इंडेक्स में बिकवाली रही, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 292.60 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,677.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 56.25 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,033.05 पर था।

पिछले हफ्ते पीएसयू बैंक, फार्मा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स ने बाजार को ऊपर खींचने का काम किया। रियल्टी, फाइनेंशियल सर्विसेज और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली।

# एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेश में विकसित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने आज गुरुग्राम स्थित अपने मुख्यालय से एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडशो का उद्घाटन हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नारबीर सिंह ने किया। एसएसआई मंत्रा एम सर्जिकल रोबोट यात्रा के साथ भारत ने हेल्थकेयर में एक बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है, जिसके तहत पहली मोबाइल रोबोटिक सर्जरी ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट का अनावरण भी किया गया। यह आधुनिक 'टेलीसर्जरी–ऑन–व्हील्स' पहल आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी एवं कौशल निर्माण के अवसरों को सीधे देश के अस्पतालों और हेल्थकेयर पेशेवरों तक लेकर आई है। स्वदेश में विकसित यह युनिट रियल–टाईम कोलाबोरेशन को सक्षम बनाती है तथा एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के आधुनिक फीचर्स एवं क्षमताओं का प्रदर्शन करती है। लाईव सिमुलेशन्स, इंटरैक्टिव



ट्रेनिंग मोड्यूल्स एवं गाइडेड डेमो के जरिये यह सर्जन, मेडिकल के छात्रों एवं हेल्थकेयर पेशेवरों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करती है। यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी के बारे में जागरुकता और स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है– खासतौर पर आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी को टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में अधिक सुलभ बनाएगा।

मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा की शुरूआत पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक चेयरमैन एवं सीईओ, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, ''एसएसआई मंत्रा एम एक मोबाइल रोबोटिक ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट से कहीं बढक़र है, यह विश्वस्तरीय सर्जिकल शिक्षा एवं इनोवेशन को सुलभ बनाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है।

राव नारबीर सिंह, माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, हरियाणा सरकार ने कहा, ''हमारे लिए गर्व की बात है कि एसएस इनोवेशन्स हरियाणा की कंपनी है। एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा हमारे देश के तकनीकी एवं मेडिकल इनोवेशन का बेहतरीन उदाहरण है। इस पहल से न सिर्फ देश में हेल्थकेयर डिलीवरी के मानक बेहतर होंगे बल्कि टियर 2 एवं टियर 3 शहरों के डॉक्टर एवं मेडिकल संस्थान आधुनिक टूल्स एवं प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनेंगे। मैं एसएस इनोवेशन्स के दूरदृष्टा प्रयासों के लिए उनकी सराहना करना चाहूंगा जिन्होंने आधुनिक सर्जिकल केयर को अधिक सुलभ बनाकर भारत को दुनिया के मानचित्र पर हेल्थकेयर इनोवेशन के हब के रूप में स्थापित किया है।

500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यात्रा का पहला चरण राजस्थान में 500 से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षण एवं लर्निंग के अवसर प्रदान करेगा।

भारतबेंज 1824 चेसीज पर निर्मित एसएसआई मंत्राएम का ग्रॉस व्हीकल वेट रेटिंग 18500 किलोग्राम है, इसकी लंबाई 11.9 मीटर, चौड़ाई 2.59 मीटर और उंचाई 3.49 मीटर है। एसएसआई मंत्राएम की कुल लागत में तकरीबन रु 1.3 करोड़ के संरचनात्मक संशोधन शामिल है। हालांकि एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम में यह लागत शामिल नहीं है, जिसकी कीमत फीचर्स और रोबोटिक आर्म कॉन्फीगरेशन्स के आधार पर विविध है।

# क्रोमा की 'बैक टू कैंपस सेल' में लैपटॉप खरीदें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत का पहला और टाटा समूह का भरोसेमंद ओमनी–चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा में शुरू हो रहा है 'बैक टू कैंपस' सेल। आधुनिक शिक्षा में तकनीक सबसे महत्वपूर्ण है, इस बात को मद्देनज़र रखते हुए क्रोमा ने अपने अभियान को छात्रों और तकनीक के प्रति उत्साही लोगों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। चाहे आप एक महत्वाकांक्षी डिज़ाइनर हों, ह्व–फर्स्ट कोडर हों, या नेक्स्ट–जेन गेमर हों, क्रोमा में आपको लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्टफोन और एक्सेसरीज़ पर छात्रों के लिए आसान कीमतों पर आकर्षक डील मिल रही हैं।

**बड़े–बड़े ब्रांडों के उत्पाद, शून्य–लागत श्वस्ह्व, कैशबैक और छात्रों के लिए विशेष योजनाओं का लाभ उठाकर अपने शैक्षणिक और क्रिएटिव भविष्य में निवेश करने का बहुत बढ़िया अवसर क्रोमा दे रहा है। कुछ चुनिंदा ऑफ़र:**

– मैकबुक एयर एम2: कीमत 46,390* रुपये से शुरू, छात्रों के लिए डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस और 10,000 रुपये तक कैशबैक के साथ

– सैमसंग गैलेक्सी टैब एस9 5त्न: हर महीने सिर्फ़ 3,849 रुपये – लेक्कर,





मल्टीटास्किंग और मनोरंजन के लिए बेहतरीन

– एआई विंडोज़ लैपटॉप: कीमत 55,990* रुपये से शुरू, स्ह्वह्म्श्ह्यश्वद्धह्ल ह्वद्वद्वद्वह्यष्ठ के साथ, 24 महीने तक की ज़ीरो–कॉस्ट श्वस्ह्व और 10,000 रुपये तक का कैशबैक

200 से ज़्यादा शहरों में 560 से ज़्यादा स्टोर का क्रोमा का व्यापक नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि मेट्रो, टियर–2 शहरों और दूसरे कई इलाकों के छात्रों को एक्सक्लूसिव क्यूरेटेड योजनाएं और छूट के लाभ मिल सकें:

– सभी मेट्रो शहर: ह्व–क्क्ष् की कीमतें 54,990* रुपये से शुरू (एक्सचेंज शामिल) मुफ़्त कीबोर्ड–माउस कॉम्बो, एंटीवायरस और नॉइज़ विक्टर वॉच (कीमत 2,499) के साथ। 52,990 से शुरू होने वाले गेमिंग लैपटॉप में माइक्रोसॉफ्ट होम एंड स्टूडेंट, गेमिंग माउस और प्रीमियम एंटीवायरस (कीमत 2,590) शामिल हैं।

– मुंबई, पुणे और बैंगलोर: रीज़न 5 लैपटॉप की कीमतें 39,990* रुपये से शुरू होती हैं, जिसमें एक्सचेंज और कैशबैक, साथ ही वायरलेस माउस और एंटीवायरस (कीमत 999 रुपये) शामिल हैं।

– दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु, गुजरात (क्षेत्र 2) * और हैदराबाद मेट्रो: इंटेल द्ब5 लैपटॉप की कीमतें 47,990* रुपये से शुरू होती हैं, जिसमें एक्सचेंज, चक्करू कॉम्बो, एंटीवायरस और नॉइज़ विक्टर वॉच (कीमत 2,499 रुपये) शामिल हैं

– पूरे भारत में: रीज़न 3 लैपटॉप की कीमतें 28,990* रुपये से आगे हैं, जिसमें एक्सचेंज, बंडल वायरलेस माउस और एंटीवायरस (कीमत 999 रुपये) शामिल हैं

– राजस्थान, गोवा, केरल, यूपी, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, एनई, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, एपी, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश: इंटेल द्ब3 लैपटॉप 32,990 से शुरू, एक्सचेंज सहित, वायरलेस माउस और एंटीवायरस के साथ (कीमत 999)

## सप्लाई स्थिर होने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में आ सकता है उछाल

नई दिल्ली, विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि आपूर्ति पक्ष से सकारात्मक संकेत मिलने और भू–राजनीतिक तनाव कम होने के संकेत मिलने के कारण निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिल सकता है।

मांग संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक धारणा प्रभावित हो रही है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगर प्रमुख तकनीकी स्तर कायम रहे तो कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है।

वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल की कीमतें शुक्रवार को नरम रहीं। कीमतें कम कारोबार और कमजोर वैश्विक मांग के बीच 65 डॉलर के मध्य रेंज के आसपास कारोबार कर रही थीं।

# मिंत्रा ने कंटेंट-लेड कॉमर्स के अगले चरण को बढ़ावा देने लिए लॉन्च किया ग्लैमस्ट्रीम





**एजेंसी, नई दिल्ली,।**

बेंगलुरु, 6 जुलाई (आईएएनएस)। अपनी कंटेंट–कॉमर्स रणनीति को और ऊपर ले जाते हुए मिंत्रा ने शनिवार को ग्लैमस्ट्रीम के शुभारंभ की घोषणा की, जो अपनी तरह का एक अनूठा शॉपिंग योग्य लाइफस्टाइल कंटेंट गंतव्य है – जो मनोरंजन, फैशन प्रेरणा और खरीद का सहज मिश्रण है।

कंटेंट, समुदाय और वाणिज्य के मिश्रण से निर्मित ग्लैमस्ट्रीम दर्शाता है कि आज का युवा भारत किस तरह से खरीदारी करना पसंद करता है- उनके फीड पर आधारित मनोरंजन और उन्हें प्रेरित करने वाली चीजों तक तुरंत पहुंच।

अपने पहले चरण में, ग्लैमस्ट्रीम 500 घंटे से ज्यादा का कंटेंट लेकर आएगा, जिसमें 15 मिंत्रा एक्सक्लूसिव और शेयर्ड स्ट्रीम के 4,000 से अधिक एपिसोड शामिल हैं। इन स्ट्रीम में बादशाह, विजय देवरकोंडा, तब्बू, जीनत अमान, रवीना टंडन, तमन्ना भाटिया, खुशी कपूर, मलाइका अरोड़ा और बॉलीवुड, ओटीटी और डिजिटल क्रिएटर इकोसिस्टम के अन्य जाने–माने चेहरे जैसे 100 से ज्यादा सेलेब्रिटीज शामिल होंगे।

इस बेहतरीन प्रीमियम कंटेंट में म्यूजिक वीडियो, यात्रा, शादी और बहुत कुछ शामिल है, स्टाइलिंग और ब्यूटी शो, पॉडकास्ट, फिक्शनल शो और बहुत कुछ – सभी को सहज उत्पाद खोज के साथ एकीकृत किया गया है। सेलेब कंटेंट को पूरक बनाने और ग्लैमस्ट्रीम में एकीकृत करने के लिए अल्टीमेट ग्लैम क्लैन (यूजीसी) की सामग्री है – मिंत्रा का संपन्न शॉपर–क्रिएटर समुदाय, जिसमें 10 लाख से अधिक पंजीकृत क्रिएटर और 4.5 अरब पोस्ट व्यू हैं।

अगस्त 2024 में लॉन्च किया गया, यूजीसी अब मिंत्रा की अगली पीढ़ी की कंटेंट कॉमर्स प्लेबुक का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। क्रिएटर और शॉपर द्वारा संचालित कंटेंट की प्रामाणिकता को सेलिब्रिटी स्टोरीटेलिंग की आकांक्षात्मक अपील के साथ मिलाकर, ग्लैमस्ट्रीम फैशन और लाइफस्टाइल की खोज और जुड़ाव को पहले से कहीं ज्यादा नए सिरे से परिभाषित करता है। पारंपरिक खरीदारी के तौर–तरीकों के विपरीत, ग्लैमस्ट्रीम कंटेंट से शुरू होता है, मनोरंजन–आधारित खोज लाता है और इसके भीतर कॉमर्स को एम्बेड करता है। प्रत्येक कंटेंट पीस में इंटरैक्टिव उत्पाद ट्रे शामिल हैं जो दर्शकों को केवल दो चरणों में चुनिंदा और प्रासंगिक आइटम खरीदने की सुविधा देते हैं – वीडियो से लेकर उत्पाद विवरण और कार्ट तक। यह अनुभव मिंत्रा ऐप पर रखा गया है और होमपेज पर एक प्रमुख फ्लोटिंग एक्शन बटन के माध्यम से सुलभ है। सोशल कॉमर्स स्पेस में अग्रणी के रूप में, मिंत्रा ने अतीत में एम–स्टूडियो से मिनिस तक प्रेरणा–आधारित फैशन खोज और खरीदारी अनुभवों के साथ सोशल कॉमर्स स्पेस में नवाचार करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। मिंत्रा के सीएमओ सुंदर बालासुब्रमण्यम ने कहा, आज फैशन खोज तेजी से सोशल फीड और सांस्कृतिक प्रभाव से प्रेरित है – फिर भी उस प्रेरणा का अधिकांश हिस्सा खरीदारी के अनुभव से अलग रहता है। मिंत्रा में, हम मानते हैं कि एक बेहतर तरीका है और प्रेरणा–आधारित फैशन खोज को आगे बढ़ाने के लिए लगातार नवाचार किया है। इसके अलावा, आज के उपभोक्ता, विशेष रूप से जेन जेड, खरीदारी के निर्णय लेने से पहले प्रामाणिक, भरोसेमंद सामग्री – यूजर रिव्यू और वास्तविक इमेजरी – पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं।बालासुब्रमण्यम ने कहा, ग्लैमस्ट्रीम के साथ, हम वाणिज्य की एक कंटेंट–फर्स्ट अनुभव के रूप में नए सिरे से कल्पना कर रहे हैं जो प्रामाणिक प्रेरणा, मनोरंजन और त्वरित पहुंच को एक साथ ला रहे हैं। इस क्षेत्र में अग्रणी के रूप में, हम न केवल इस बात पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं कि खरीदारी कैसे विकसित हो रही है – हम लगातार नई संभावनाओं की खोज करके इसके भविष्य को परिभाषित करने में मदद कर रहे हैं। मिंत्रा के उत्पाद प्रबंधन और डिजाइन के उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण स्वामीनाथन ने कहा, ग्लैमस्ट्रीम यूजरों के फैशन अनुभव को बदल रहा है।

# अदाणी पोर्ट्स ने हजीरा में स्टील स्लैग रोड का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को कहा कि एपीएसईजेड ने बंदरगाह पर दुनिया की पहली स्टील स्लैग रोड का उद्घाटन किया है, जो सर्कुलर इकोनॉमी–आधारित विकास में एक नया वैश्विक मानक स्थापित करता है।

सूरत में हजीरा पोर्ट के भीतर 1.1 किलोमीटर तक फैली सस्टेनेबल सड़क मल्टी–पर्पस बर्थ (एमपीबी–1) को कोल यार्ड से जोड़ती है। यह भारत की तीसरी स्टील स्लैग रोड है, लेकिन वैश्विक स्तर पर किसी निजी बंदरगाह के अंदर निर्मित पहली सड़क है, जो भारत और एपीएसईजेड को सस्टेनेबल समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में सबसे आगे रखती है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, यह प्रोसेस्ड स्टील स्लैग एग्रीगेट्स (स्टील निर्माण का एक उप–उत्पाद) का इस्तेमाल करता है, जो दर्शाता है कि औद्योगिक कचरे को हाई–परफॉर्मेंस, ड्यूरेबल इंफ्रास्ट्रक्चर में



कैसे बदला जा सकता है।

इस प्रोजेक्ट को काउंसिल ऑफ सांइटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च- सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएसआईआर–सीआरआरआई) और केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से बल्क और जनरल कार्गो टर्मिनल (बीजीसीटी) विस्तार के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में विकसित किया गया था।

सीएसआईआर–सीआरआरआई द्वारा तैयार की गई सड़क का फ्लेक्सिबल फुटपाथ डिजाइन, निर्माण लागत और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए भार वहन क्षमता और मजबूती को बढ़ाती है।

यह पहल वेस्ट टू वेल्थ मिशन से जुड़ी है और पर्यावरण के प्रति जागरूक बंदरगाह विकास के लिए एपीएसईजेड की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

इस सड़क का औपचारिक उद्घाटन हजीरा बंदरगाह पर नीति आयोग के सदस्य (विज्ञान और प्रौद्योगिकी) विजय कुमार सारस्वत ने सीएसआईआर के महानिदेशक और डीएसआईआर के सचिव एन. कलईसेलवी और सीएसआईआर–सीआरआरआई के निदेशक और इंडियन रोड्स कांग्रेस के अध्यक्ष मनोरंजन परिदा की उपस्थिति में किया।

कंपनी के बयान के अनुसार, इस अवसर पर वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और स्टील स्लैग रोड टेक्नोलॉजी के इन्वेंटर सतीश पांडे, अदाणी हजीरा पोर्ट लिमिटेड के सीओओ आनंद मराठे और अन्य गणमान्य व्यक्ति और वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

# Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani



दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )

62629 04444

ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in



## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समर्थ शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, सेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंढ्री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विवेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2583595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# टेका गांव में जल संकट, नलों से पानी के साथ निकल रहे कीड़े

**प्रतिदिन राजधानी,गरियाबंद**

जिले के राजिम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टेका में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बीते कुछ दिनों से गांव के नलों से पानी के साथ कीड़े निकल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण में स्वास्थ्य को लेकर भयभीत भी हैं और विभाग की लापरवाही से आक्रोशित भी। आरोप है कि विभागीय लापरवाही के चलते अब तक पानी टंकी की सफाई नहीं की गई है और बरसात के पहले जरूरी तैयारियों में भी घोर उदासीनता बरती गई है।

**दूषित जल बन रहा बीमारियों का कारण**

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें साफ-सुथरा और पीने योग्य पानी मिलने की उम्मीद थी। लेकिन नलों से जो पानी आ रहा है उसमें कीड़े रेंगते साफ देखे जा सकते हैं। इससे लोग घबराए हुए हैं और कई परिवारों ने पानी उबालकर पीने या कुएं का सहारा लेने की बात कही है।

ग्रामीणों का कहना है फ्रहम रोज ये गंदा पानी पी रहे हैं, नल चालू करते ही कीड़े गिरते हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत खराब हो



रही है। यह सीधा जीवन से खिलवाड़ है।

**समय रहते नहीं की गई सफाई**

गामीणों ने बताया कि विभाग ने ग्राम पंचायत स्तर पर पानी टंकी की सफाई और पाइपलाइन के फ्लशिंग की जिम्मेदारी निभाई ही नहीं। हर साल मानसून से पहले यह काम नियमित रूप से किया जाना चाहिए, लेकिन इस बार कोई जिम्मेदार नजर नहीं आए।

ग्राम की सरपंच प्रतिनिधि या सचिव से जवाब मांगने पर ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि विभागीय अमला किसी बड़ी दुर्घटना या जन स्वास्थ्य संकट के इंतजार में बैठा है।

**प्रशासन से लगाई गुहार, फिर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई**

गांव के युवाओं और जागरूक नागरिकों ने इस मामले की शिकायत राजिम जनपद पंचायत और पीएचई विभाग से की। लेकिन अब तक न ही कोई निरीक्षण हुआ और न ही सफाई का काम शुरू किया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब तक कोई दुर्घटना या बीमारी नहीं फैलती, तब तक प्रशासन सक्रिय क्यों नहीं

विदेशी कंपनियों के जाने से भड़का ड्रैगन, बोला- चीन का विकल्प नहीं बन सकता भारत

**ग्रामीणों की मांग**

पानी टंकी की तत्काल सफाई कराई जाए पाइपलाइन की फ्लशिंग कर दूषित जल की आपूर्ति बंद हो
दोषी पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए

**गांव में स्वास्थ्य शिविर सभी की जांच की जाए**

ग्राम टेका के लोग इस समय पूरी तरह सिस्टम के भरोसे हैं। दूषित जल पीने से स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। यह मामला महज लापरवाही का नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन चुका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे जमीन पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# दाऊ मंदराजी के नाम पर चौक नामकरण डॉ रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन


**प्रतिदिन राजधानी,राजनांदगांव**

लोक कलाकारों, कवि / साहित्यकारों ने नवीन पारी नाला चौक का नाम दाऊ जी के नाम करने उठाई मांग / छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी साहू,छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक, पवन यादव पहुना, नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, छन्नू लाल नत्थन दास,लोक गायक महादेव हिरवानी, मनहरण साहू आदि के द्वारा डाक्टर्स



के नाम पर चौक्का नामकरण हेतु लोक कलाकार एवं कवि साहित्यकारों ने मांग उठाई है और इस संदर्भ में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ रेखा मेश्राम, वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी वरिष्ठ कवि/साहित्यकार व लोक कला धर्मी आत्माराम कोशा अमात्य, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर डे के अवसर पर डॉ रमनसिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ है करते हुए उन्हें तत्संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य ने ज्ञापन में कहा है कि शहर में एक प्रतिष्ठित चौक को दुर्गा चौक का नाम देने वाले नाचा के भीष्म पितामह दाऊ मंदराजी के नाम पर न कहीं चौक व चौराहे का नामकरण किया गया है।



# तहसीलदार का शिक्षक से रिश्वत लेने पर कलेक्टर ने थमाया नोटिस

**प्रतिदिन राजधानी,सक्ती/जैजैपुर**

जिले के जैजैपुर तहसील में पदस्थ तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा पर रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया है। जमीन विवाद के एक मामले में शिक्षक से आदेश पक्ष में देने के एवज में रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसने पूरे जिले की प्रशासनिक साख पर कालिख पोत दी है। ड्राइवर के फोनपे पर रिश्वत का भुगतान इस संबंध में वायरल वीडियो में नजर आया कि तहसीलदार के सरकारी आवास पर शिक्षक दिलीप चंद्रा रिश्वत देने पहुंचा और यह लेन-देन तहसीलदार के ड्राइवर दुर्गेश सिदार के फोन-पे खाते पर किया गया, मतलब रिश्वतखोरी को डिजिटल रूप देने का दुस्साहस तक किया गया। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर अमृत विकास टोप्पो ने तत्काल संज्ञान लेकर तहसीलदार को नोटिस जारी किया और तीन दिनों के भीतर जवाब तलब किया है।

सवाल यह उठता है कि जिन अधिकारियों पर जनता की सेवा का उत्तरदायित्व होता है, जब वही व्यक्ति अपने पद का दुरुपयोग कर न्याय को नीलाम करें, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। तहसीलदार जैसे वरिष्ठ प्रशासनिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा रिश्वत लेना न केवल आपराधिक है, बल्कि यह प्रशासन की समूची व्यवस्था पर जनता के विश्वास को तोड़ने वाला कृत्य है।



# आश्रम में बिजली ठप्प, टपकती छत के नीचे सोने को मजबूर छात्र

**प्रतिदिन राजधानी, सूरजपुर**

। जिले के खोंड़ गांव में स्थित प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं आश्रम की जर्जर स्थिति ने 150 बच्चों की जान को संकट में डाल दिया है। करीब एक दशक पहले बनी इस इमारत की हालत आज इतनी बदतर हो चुकी है कि बारिश में छतें टपकती हैं, दीवारों में दरारें हैं और बिजली पूरी तरह ठप है। ऐसे में बच्चे न केवल शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, बल्कि जान जोखिम में डालकर हर रोज इस खंडहर जैसी इमारत 80 किलोमीटर दूर खोंड़ पंचायत स्थित इस भवन में 50 बालकों का छात्रावास और 100 बालकों का आश्रम एक साथ संचालित हो रहा है। शिक्षा के नाम पर बच्चों को बरामदे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। आठ कमरों की इस इमारत में दीवारें दरक रही हैं, छत से सरिए झाँक रहे हैं, और बारिश में कमरों में पानी भर जाना अब आम बात हो गई है। बिजली की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। क्रेडा द्वारा लगाई गई सोलर लाइटें दो साल से खराब हैं। मोटर नहीं चलने के कारण बच्चों को हैंडपंप से पानी भरना पड़ रहा है।

इतने गंभीर हालात के बीच आश्रम में 150 बच्चों के लिए सिर्फ 75 बेड हैं। मजबूरी में एक-एक बिस्तर पर दो-दो बच्चों को सुलाया जा रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**सांसद चिंतामणि महाराज ने लगाई फटकार**

हाल ही में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने खुद आश्रम का निरीक्षण किया। बच्चों की हालत देख वे नाराज़ हो गए और ट्राइबल विभाग के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने इसे विभाग की गंभीर लापरवाही करार दिया। विभाग ने गलती, प्रस्ताव भेजने का दावा मामले पर ट्राइबल विभाग के सहायक आयुक्त घनश्याम सिंह ने माना कि खोंड़ जैसे दूरस्थ इलाकों में व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

# शिक्षिका को हटाने की मांग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, विधायक भी हुए शामिल

**प्रतिदिन राजधानी, बालोद**

गुंडरदेही ब्लॉक के बीजाभाठा गांव में रविवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने गुंडरदेही-



राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनकी मांग थी कि प्राथमिक शाला बीजाभाठा में पदस्थ शिक्षिका उषा बोरकर को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इस प्रदर्शन की खास बात यह रही कि ग्रामीणों के समर्थन में कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद भी मौके पर पहुंचे और आंदोलन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शिक्षिका का व्यवहार न केवल बच्चों के प्रति अनुचित है, बल्कि उनकी पढ़ाई पर भी नकारात्मक असर डाल रहा है। विरोध के चलते मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और लंबा जाम लग गया। थे कि जब तक शिक्षिका का तबादला नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की।

# डॉक्टर दंपति हत्याकांड का खुलासा ! 8 साल बाद आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिदिन राजधानी, कबीरधाम**

जिले के बहुचर्चित डॉक्टर दंपति हत्याकांड की गुत्थी आखिरकार 8 साल बाद सुलझ गई है। पुलिस ने इस डबल मर्डर केस में मृतक डॉक्टर के पूर्व वाहन चालक सत्यप्रकाश साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में न सिर्फ दोनों हत्याओं की साजिश और घटना का सच उजागर किया, बल्कि इस मामले से जुड़ी कई नई और चौंकाने वाली जानकारियां भी पुलिस के सामने रखीं।



**क्या था पूरा मामला?**

घटना 6 अप्रैल 2017 की है, जब कबीरधाम के कैलाश नगर क्षेत्र में निवासरत डॉ. गणेश सूर्यवंशी और उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी की लाशें उनके घर के आंगन में पड़ी मिली थीं। दोनों की निर्मम हत्या पत्थर से की गई थी। घटनास्थल पर मिले हालातों ने यह साफ कर दिया था कि मामला सुनियोजित हत्या का है, लेकिन कोई ठोस सुराग न मिलने के कारण यह केस ठंडे बस्ते में चला गया। 2025 में जिले की कमान संभालने के बाद स्क्धर्मेन्द्र सिंह ने इस पुराने मामले को फिर से खोलने का निर्णय लिया और विशेष टीम गठित कर जांच शुरू करवाई। लंबी छानबीन के बाद पुलिस की नजर पूर्व ड्राइवर सत्यप्रकाश साहू पर गई। जिसे हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो पूरी सच्चाई सामने आ गई।

**ड्राइवर ने किया पूरा खुलासा**

आरोपी सत्यप्रकाश ने बताया कि वह डॉक्टर के यहां ड्राइवर के रूप में काम करता था और डॉ. गणेश को 1.80 लाख रुपये उधार भी दे चुका था। बाद में ब्लैकमेलिंग के एक केस में नाम आने के बाद वह गंडई भाग गया। लेकिन आर्थिक तंगी के चलते दोबारा कवर्धा लौटा और डॉक्टर से पैसे मांगने गया।

वहीं, उसी वक्त पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। सत्यप्रकाश के अनुसार, डॉक्टर ने गुस्से में अपनी पत्नी के सिर पर पत्थर से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह सब देखकर ड्राइवर वहां से भागने की बजाय डॉक्टर पर हमला कर बैठा और उसकी भी पत्थर से हत्या कर दी।

**खुद बचाने के लिए बनता रहा अंजान**

हत्या के बाद आरोपी ने कमरे में फैले खून को साफ किया, शवों को आंगन में खींचकर रखा और रातभर वहीं रुका। सुबह 5 बजे वह वहां से निकलकर दुर्ग चला गया और जाते समय डॉक्टर का मोबाइल भी अपने साथ ले गया, जिसे उसने बाद में गिरवी रख दिया।

# कारोबारी से 33 लाख की ठगी, आरोपी झारखंड से गिरफ्तार



**प्रतिदिन राजधानी, जशपुरनगर**

जशपुर जिले के पत्थलगांव में एक व्यापारी से 33 लाख रु. की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत 22 जून को प्रार्थी विकास अग्रवाल, जो कि पत्थलगांव में, मारुति राइस मिल व मारुति फ्लाई ऐश ब्रिक्स के संचालक हैं, ने थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी मिथलेश साहू के द्वारा 10 दिसंबर 2024 को अपने साथियों बैजनाथ साहू, अंशु अग्रवाल, एवं फिरोज अंसारी के साथ मिलकर, प्रार्थी को मक्का का अच्छा दाम दिलाएंगे कहकर उसे झांसे में लिया गया व प्रार्थी से 15 मई 25 तक अलग-अलग किस्त में,38 लाख 37 हजार रु कीमत का 160 टन मक्का को ले लिया, व उक्त माल का रकम प्रार्थी को न देकर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में आरोपी मिथलेश साहू व उनके साथियों विरुद्ध ठगी व धोखाधड़ी के लिए बीएनएस की धारा 318 (4),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार आरोपी मिथलेश साहू के द्वारा थाना सन्ना क्षेत्रांतर्गत भी ठगी व धोखाधड़ी का एक प्रकरण दर्ज है, जिसमें आरोपी मिथलेश साहू के द्वारा अपने साथी अंशु अग्रवाल से मिलकर ग्राम सन्ना के एक किराने दुकान संचालक संतकुमार यादव को भी झांसे में लेते हुए उससे चावल की बोरी दिलवाने के नाम पर 80 हजार रु ले लिया गया था, और संत कुमार के पास चावल बोरी न भिजवाकर उसके साथ ठगी किए थे। प्रार्थी संतकुमार यादव की रिपोर्ट पर थाना सन्ना में भी बीएनएस की धारा 318 (4),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध चूंकि मामला दो जगहों से ठगी से संबंधित था, अतः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के गई थी, जिनके मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए व पुलिस की टेक्निकल टीम के मदद से आरोपियों को तलाशने का प्रयास किया जा रहा था।



# पूर्व सीएम का बिरकोनी में स्वागत

**प्रतिदिन राजधानी, महासमुंद**

रायगढ़ जिले के दौरे पर जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिरकोनी एनएच-53 पर स्वागत किया। इस दौरान सीएम को उन्होंने जिले की गतिविधियों से अवगत कराया। स्वागत के दौरान मुख्य रूप से पूर्व सभापति जिला पंचायत अमर अरूण चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलु निषाद, युकां जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, राहुल यादव, संतोष धीवर, युवराज साहू, अनुराग चंद्राकर, अक्षय साकरकर, आकाश निषाद, डिगेश्वर सत्यम, मनोज ढीढी, चमन मारकंडे, बाबूलाल, केके साहू, इंदु पटेल, ताम्रज निषाद, डीजे मांडले, सूरज राजपूत, संजय पटेल, पवन सेन, मुकेश पटेल, कुबेर युगर सहित बिरकोनी, बड़गांव, घोड़ारी, बेलटुकरी, अमावश, कांपा एवं आसपास के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छग चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया डॉक्टरों व सीए का सम्मान

**प्रतिदिन राजधानी, सारंगढ़ ,**



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला इकाई सारंगढ़ द्वारा सभी डॉक्टर्स का शाल, श्रीफल, गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया । जिसमें मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफ.आर. निराला , सीएस डॉ. दीपक जायसवाल , बीएमओ डॉ. आरएल सिदार, डॉ. अनूप अग्रवाल, डॉ. रुपेश पटेल , डॉ. रमेश साहू, रामजी शर्मा, डॉ. रितेश पैंकरा डॉ.दिव्या जोशी, डॉ.नौमीली तिवारी, डॉ. इंदु सोनवानी एवं साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट कैलाश अग्रवाल का चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर छग चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख सदस्यों में पूर्व चैंबर उपाध्यक्ष नंदकिशोर केजरीवाल , अब्बास अली, कुमार बानी, जुगल किशोर, नत्थू केडिया, देवेंद्र बानी, पदम अग्रवाल, घनश्याम बंसल , संतोष अग्रवाल, ईश्वर केशरबानी , सोनू मलिक,विक्रांत थवाईत, रिंकू केसरवानी, विकास आकाश केजरीवाल की सह भागिता रही।

कार्यक्रम का संचालन मनीष धनानिया ने किया। जिलाध्यक्ष संगीत ठाकुर ने आभार व्यक्त किया, साथ ही चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बारे में प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने जानकारी दी। प्रदेश मंत्री दीपक केजरीवाल ने कहा कि - डॉक्टर की सेवा व समर्पण से ही हम सभी को एक नई जिंदगी मिलती है । चेंबर के हम सभी लोग उनकी सेवा व समर्पण के सदैव आभारी रहेंगे। डॉक्टरइस धरा के साक्षात देव तुल्य हैं , जिनके हौसले, त्याग व समर्पण भाव से हमें नवजीवन मिलता है।



# नेत्रहीन विद्यालय में सांसद रूपकुमारी का मनाया गया जन्मदिन

**प्रतिदिन राजधानी, बागबहारा**

महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी का जन्मदिन फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सांसद को जन्मदिन की बधाई दी गई एवं केक काटकर विद्यार्थियों को फल मिठाई बिस्कुट वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अलका चंद्राकर ने कहा कि बड़े खुशी की बात है कि हम करमा पटपर स्थित नेत्रहीन विद्यालय में हम सांसद का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना रहे हैं। पूरे छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, स्टाफ भाजपा जन्मदिन की बधाई देते हुए माता चंडी मां खल्लारी से उनके दीर्घायु स्वस्थ प्रसन्न रहने की कामना एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना हेमंत तिवारी कोमल साहू सहित स्कूल के डायरेक्टर निरंजन साहू लक्ष्मी प्रिया साहू रश्मि साहू भूमिका यादव पुष्प लता पटेल वर्षा चक्रधारी ललित नागेश धनेश्वरी नागेश देवकी यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# वृद्ध की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**प्रतिदिन राजधानी, रायगढ़**

खरसिया क्षेत्र के ग्राम तुरेकेला में छट्ठी कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। कार्यक्रम में शामिल अर्जुन खड़िया नामक युवक ने 65 वर्षीय केन्दाराम खड़िया की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। घटना 3 जुलाई की रात की है, जिसके बाद खरसिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार भी जब्त कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर खरसिया न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।




मामले की जानकारी देते हुए मृतक की बेटी सुकवारा बाई खड़िया ने थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज करायी। उसने बताया कि 3 जुलाई को उनके घर के पास संपत खड़िया के यहां छट्ठी कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें गांव के कई लोग शामिल थे। उसी दौरान रात करीब सात बजे अर्जुन खड़िया और जगन्नाथ खड़िया के बीच हंसी-मजाक में विवाद हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित केन्दाराम खड़िया सहित जवाहर खड़िया, जीवन खड़िया, बुटीलाल और रामकुमार ने दोनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। लेकिन अर्जुन खड़िया गुस्से में वहां से चला गया।

कुछ देर बाद अर्जुन तलवार लेकर वापस लौटा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को डराने-धमकाने लगा। केन्दाराम ने उसे फिर समझाया, लेकिन अर्जुन नहीं माना। थोड़ी देर बाद जब केन्दाराम पेशाब करने बाहर गये, तभी अर्जुन ने पीछे से उन पर तलवार से वार कर दिया, जिससे मौके पर ही केन्दाराम की मौत हो गई। घटना के बाद अर्जुन तलवार लेकर फरार हो गया।

हत्या के इस मामले में थाना खरसिया में धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन खड़िया को पकड़ने में सफलता पाई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर ली है। आरोपी अर्जुन सिंह खड़िया पिता स्व. रावना खड़िया उम्र 26 वर्ष साकिन तुरेकेला खडियापारा थाना को यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अर्जुन सिंह खड़िया, हमाली (मजदूरी) का काम करता था, उसका और मृतक केन्दाराम खड़िया का घर समीप है।

## तमिलनाडु में शादी से इनकार महिला डॉक्टर पर पड़ा भारी: क्लीनिक के मालिक ने खूब पीटा; मोबाइल और गहने भी छीने

**होसूर।** तमिलनाडु के होसूर में शादी से इन्कार करने पर एक डॉक्टर ने सहकर्मी महिला दंत चिकित्सक पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें होसूर स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके चेहरे, गर्दन, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई चोटें आई हैं।




सूचना मिलने के बाद होसूर टाउन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रिया जारी है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता डॉ. कृतिका (25) ने हाल में पढ़ाई पूरी कर एक निजी क्लीनिक में सेवाएं देनी शुरू की थी। आरोप है कि काम शुरू करने के 20 दिन बाद ही क्लीनिक के मालिक डॉ अंबु सेल्वन (38) ने उनके समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा लेकिन उन्होंने अस्वीकार कर दिया। घटना के दिन डॉ सेल्वन, कृतिका को बाइक पर पत्थलापल्ली इलाके में ले गया और उन्होंने शादी के लिए राजी होने का दबाव बनाया, जब उन्होंने मना किया तो वह हिंसक हो गया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फिर उसने (सेल्वन) दावा किया कि वह उन्हें घर छोड़ देगा लेकिन वह वापस अपने क्लीनिक ले आया। यहां उसने जबरन उनका मोबाइल फोन, सोने की चेन, कंगन और घड़ी छीन ली और उनके साथ और मारपीट की। उसके सहकर्मियों ने किसी तरह उन्हें बचाया।

होसूर टाउन पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद केस अधिकरट्टी पुलिस स्टेशन को हस्तांतरित कर दिया, क्योंकि घटना उनके क्षेत्राधिकार में हुई थी। जांच में पता चला कि डॉ सेल्वन पहले से शादीशुदा है लेकिन वर्तमान में अपनी पत्नी से अलग रह रहा है।

## गोपाल खेमका हत्याकांड

# बेउर जेल से प्रतिबंधित सामग्री बरामद, कई कर्मी निलंबित







**पटना।** राजधानी पटना के चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या ने पूरे बिहार में सनसनी फैला दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए न सिर्फ पुलिस और प्रशासन हरकत में आया है, बल्कि राज्य सरकार ने भी इसे चुनौतीपूर्ण मामला मानते हुए विशेष जांच दल (SIT) का गठन कर दिया है। घटना के 36 घंटे बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस हत्याकांड को 'सरकार के लिए चुनौती' बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपराधी चाहे जहां भी छिपे हों, बख्शे नहीं जाएंगे। सम्राट चौधरी ने भरोसा दिलाया कि बिहार पुलिस आम व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गोपाल खेमका की हत्या हमारे लिए चुनौती का विषय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एसआईटी का गठन किया है और स्पष्ट निर्देश दिया है कि कहीं भी छिपा अपराधी हो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, वे बख्शे नहीं जाएंगे। बिहार पुलिस पूर्ण रूप से आम व्यवसायियों की सुरक्षा करेगी और पूरी तरह यह सुनिश्चित भी करेगी कि आगे के दिनों में इस तरह की कोई घटना नहीं हो। इस घटना की तह तक जाने की सरकार काम करेगी। चाहे अपराधी हों या अपराध रचने वाले लोग हों, सबको चुन-चुन के निकालने का काम किया जाएगा।

### बेउर जेल में बड़ी छापामारी, तीन कक्षपाल निलंबित

गोपाल खेमका हत्याकांड के संदर्भ में पटना के आदर्श केन्द्रीय कारा बेउर में की गई औचक छापामारी से हड़कंप मच गया। पटना प्रमंडल के आयुक्त और प्रक्षेत्र के महानिरीक्षक के नेतृत्व में की गई इस छापामारी में तीन मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई है।

जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा ने पुष्टि की कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में कक्षपाल अंतोष कुमार सिंह, आशीष कुमार और ओम कुमार गुप्ता को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दफा प्रभारी गिरीश यादव, वरिष्ठ प्रभारी नीरज कुमार रजक और जेल उपाधीक्षक अजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे की जांच में यदि अन्य कर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 'समाज के हर तबके को जोड़कर आगे बढ़ाने का माध्यम है सहकारिता मॉडल', स्पीकर विजेंद्र गुप्ता का बयान



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि इस समय की सभी सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती समाज के हर वर्ग को एक साथ लेते हुए आगे बढ़ने की है। इसमें सहकारिता का मॉडल सरकारों को सबसे अधिक मूल्यवान सहयोग प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल का सदुपयोग करते हुए हर वर्ग को विकास का भागीदार बनाना चाहिए। सहकारिता के महत्व को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष' घोषित किया है।

### भारत निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है- विजेंद्र गुप्ता

सहकारिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को कहा कि भारत एक समावेशी और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को भी अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए नए-नए क्षेत्रों में सक्रियता से भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक लचीलापन बढ़ाने, सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने और सतत विकास को साकार करने में सहकारिता महत्वपूर्ण योगदान देती है।

### विजेंद्र गुप्ता ने बताई सहकारिता मॉडल की विशेषता

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्थानीय सहकारी समितियां सहकारिता के मूल सिद्धांतों - बचत को प्रोत्साहित करना, ऋण सुविधा उपलब्ध कराना, और सशक्त सामुदायिक नेटवर्क का निर्माण करना- को साकार कर रही हैं। इस प्रकार की संस्थाएं विशेष रूप से उन नागरिकों को सशक्त बनाती हैं, जिन्हें पारंपरिक वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच नहीं है। ये संस्थाएं उन्हें आजीविका सुधारने के लिए आवश्यक संसाधन और विश्वास प्रदान करती हैं। सहकारिता मॉडल की यही सबसे बड़ी विशेषता है।

## राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार कर रहा चीन



**पेरिस।** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है।

### सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर चल रहा दुष्प्रचार

इसके तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल की जा रही हैं, जिनमें फर्जी तस्वीरों के जरिए राफेल के मलबे को दिखाया जा रहा है। साथ ही एआई जेनरेट कंटेंट और वीडियो गेम की क्लिप दिखाकर राफेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जो चीन की सैन्य तकनीक को बेहतर बताने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अभी ये पता नहीं चला है कि सोशल मीडिया पर इस दुष्प्रचार में चीन की सरकार शामिल है या नहीं।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें

रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है।

### फ्रांस के रक्षा निर्यात में राफेल अहम

फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं। यह फ्रांस का विभिन्न देशों से संबंध बेहतर करने का भी प्रमुख जरिया है। खासकर एशिया में, जहां चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। हालांकि इन दिनों फ्रांस को चीन के दुष्प्रचार से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पाकिस्तान और चीन दोनों शामिल हैं।

# तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण 42 प्रतिशत करने का मुद्दा गरमाया, नेताओं में श्रेय लेने की मची होड़

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सभी राजनीतिक पार्टियां स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण के मुद्दे पर लाभ लेने के लिए एक दूसरे से होड़ कर रही हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को तीन महीने में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी और विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भाजपा तीनों ही पार्टियां आरक्षण के मुद्दे का फायदा उठाना चाहती हैं। कांग्रेस और बीआरएस, भाजपा पर दबाव बना रही हैं कि वे केंद्र सरकार से आरक्षण विधेयक को मंजूर कराएं। राज्य विधानसभा से तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का विधेयक पारित हो गया है। वहीं भाजपा का आरोप है कि ओबीसी आरक्षण लागू करना राज्य सरकार के हाथ में है।

### तेलंगाना विधानसभा में 17 मार्च को पारित हुए थे दो विधेयक

तेलंगाना विधानसभा ने 17 मार्च को शिक्षा, रोजगार और ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने के लिए दो विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए। जिनमें तेलंगाना पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (शैक्षणिक संस्थानों में सीटों का आरक्षण और राज्य के तहत सेवाओं में नियुक्तियों या पदों का आरक्षण) विधेयक 2025 और तेलंगाना पिछड़ा वर्ग (ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में सीटों का आरक्षण) विधेयक 2025 शामिल हैं। विधेयकों ने शिक्षा और रोजगार में मौजूदा 25 प्रतिशत और स्थानीय निकायों में 23 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण को बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया गया है। 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का यह प्रमुख मुद्दा था। चूंकि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 42 प्रतिशत तक बढ़ाना सभी वर्गों के लिए कुल कोटा के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन होगा, इसलिए राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को केंद्र की मंजूरी की जरूरत है। सीएम रेवंत रेड्डी ने 17 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनसे मिलने का समय भी मांगा।



### केंद्र से मंजूरी नहीं मिलने पर क्या करेगी राज्य सरकार?

केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर, कांग्रेस पार्टी पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण को 42 प्रतिशत तय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 243डी के तहत मिली शक्ति का इस्तेमाल करने पर विचार कर रही है। कांग्रेस राज्य के भाजपा नेताओं से प्रधानमंत्री मोदी को तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को भारत के संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए मनाने का भी आग्रह कर रही है।

### आरक्षण के मुद्दे पर श्रेय लेने की होड़

बीआरएस एमएलसी के कविता ने तो इस मुद्दे पर 17 जुलाई को रेल रोको अभियान का आह्वान किया है ताकि केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जा सके। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी पत्र लिखा है, जिसमें राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग है कि 42 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने के बाद ही राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव होने चाहिए। के कविता ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। वहीं तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने के कविता की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं और पूछा है कि जब राज्य में 10 साल उनके पिता यानी केसीआर की सरकार थी, तब उन्होंने ओबीसी आरक्षण के बारे में एक शब्द भी क्यों नहीं बोला था? कानूनी मुद्दों का हवाला देते हुए तेलंगाना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंदर राव ने 42 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने में राज्य सरकार की ईमानदारी पर संदेह जताया।



## अमेरिका ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की बधाई, कहा- तिब्बतियों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए। अमेरिका के विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं पीएम मोदी ने भी दलाई लामा को जन्मदिन की बधाई दी है।

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एक बयान में कहा, 'अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तिब्बतियों की विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं, जिसमें हस्तक्षेप के बिना धार्मिक नेताओं को स्वतंत्र रूप से चुनने और उनका सम्मान करने की उनकी क्षमता भी शामिल है।

14वें दलाई लामा, जिन्हें 'बेजुबानों की आवाज' कहा जाता है, और दशकों तक जीने का लक्ष्य रखते हैं। अपने 90वें जन्मदिन से पहले, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने पुष्टि की कि उनका उत्तराधिकारी होगा, जिससे इस बात की अटकलों पर विराम लग गया कि क्या उनके निधन के बाद 600 वर्ष पुरानी संस्था समाप्त हो जाएगी।

इस बीच, दलाई लामा के 90वें जन्मदिन के विशेष अवसर पर, उत्तर भारत के इस पहाड़ी शहर में स्थित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) (जो तिब्बत के अंदर और बाहर रहने वाले तिब्बती लोगों का प्रतिनिधित्व करता है) ने 6 जुलाई 2025 से 5 जुलाई 2026 तक को करुणा वर्ष घोषित किया है।

दलाई लामा ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक संदेश में कहा, मैं अपने लक्ष्यों पर ध्यान देना जारी रखूंगा। मैं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने, धार्मिक एकता को प्रोत्साहित करने, प्राचीन भारतीय ज्ञान पर ध्यान दिलाने, जो मन और भावनाओं की कार्यप्रणाली को समझाता है।

# हमास के संघर्ष विराम समझौते को इस्राइल ने ठुकराया



**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें जारी हैं। दोनों पक्षों के बीच कतर द्वारा मध्यस्थता की जा रही है। कतर ने संघर्ष विराम के लिए प्रस्ताव तैयार किया है, लेकिन हमास ने उसमें कुछ बदलाव किए हैं, जिस पर इस्राइल ने आपत्ति जताई और प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

इस्राइली प्रधानमंत्री ने वार्ताकारों की एक टीम को कतर भेजा है, जो संघर्ष विराम प्रस्ताव में बदलाव पर बात करेगी। इस बीच इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू रविवार को अमेरिका दौरे पर रवाना हो रहे हैं। जहां उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी। वॉशिंगटन में दोनों नेताओं के बीच गाजा और संघर्ष विराम की कोशिशों पर बात हो सकती है।

### हमास की इन मांगों पर अटकी बात


हमास ने शुक्रवार को अमेरिका और इस्राइल के समर्थन वाले प्रस्ताव को समर्थन दिया था, जिसमें समझौते के 60 दिनों में आधे जीवित इस्राइली बंधकों और आधे मृत इस्राइलियों को लौटाने की बात है। ये रिहाई पांच चरण में होगी। हमास ने इस प्रस्ताव में कथित तौर पर तीन बदलाव करने की मांग की है। जिसके तहत हमास स्थायी तौर पर संघर्ष विराम पर वार्ता जारी रखने की मांग कर रहा है। साथ ही गाजा में राशन की आपूर्ति पूरी तरह से शुरू करने और आईडीएफ के पूर्व के संघर्ष विराम की स्थिति में लौटने की मांग कर रहा है।

### बंधकों के परिजनों ने जताई नाराजगी

इस्राइल ने हमास की इन मांगों को ठुकरा दिया है। हालांकि आगे बातचीत जारी रखने का फैसला किया है और अपने प्रतिनिधिमंडल को रविवार को दोहा रवाना किया। हालांकि इस्राइल की तरफ से ये नहीं बताया गया है कि उसने कौन सी मांग स्वीकार्य नहीं है। वहीं बंधकों के परिवारों ने सिर्फ आधे बंधकों की रिहाई के समझौते पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इस तरह से चरणबद्ध तरीके से बंधकों की रिहाई से बेहद अस्थिरता का माहौल होता है, जो बंधकों के परिजनों के लिए काफी कष्टकारक होता है।

## समलैंगिक संबंध में धोखे का शक, 19 वर्षीय लड़के ने नाबालिग साथी की कर दी हत्या

**मुंबई।** मुंबई में पुलिस ने एक 19 वर्षीय लड़के को एक नाबालिग की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर नाबालिग अपनी मर्जी से आरोपी के घर गया था, जहां पर आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर दे दिया, जिसे पीने के बाद उसकी मौत हो गई। आरोपी ने दावा किया कि मृतक उससे बात नहीं कर रहा था इसलिए उसने हत्या करने की योजना बनाई।



आरोपी ने पीड़ित को कोल्ड ड्रिंक में मिला कर जहर दे दिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतक के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 29 जून को बेटा घर से बाहर गया था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा फिर उन्होंने उसे ढूंढना चालू किया। अगले दिन उन्हें पता चला कि वह आरोपी के घर गया है। जब पूरा परिवार वहां लोग वहां पर पहुंचे तो वहां पर नाबालिग बिस्तर पर लेटा हुआ था और आरोपी उसके पास ही बैठा था। बाद उन्होंने उसे डॉक्टर को दिखाया लेकिन वह मृत घोषित कर दिया गया।

शुरुआती जांच के मुताबिक पीड़ित के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी करीब चार महीने पहले पीड़ित को नागपुर ले गया और उसके परिवार को इसकी जानकारी नहीं दी गई। जब वह वापस लौटा, तो पीड़ित के माता-पिता ने उसे आरोपी से दूर रहने को कहा। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी से मिलना और बात करना बंद कर दिया। पुलिस को संदेह है कि इससे परेशान होकर आरोपी ने हत्या की साजिश रची, पीड़ित को अपने घर बुलाया और उसे जहरीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। आरोपी को अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भाजपा नेता आशीष शेलार ने की हिंदी भाषी लोगों पर हमले की निंदा

### पहलगाम आतंकी हमले से की तुलना

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने रविवार को कहा कि जिस तरह पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया, उसी तरह राज्य में अब लोगों पर भाषा के आधार पर हमले हो रहे हैं, जो बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि भाजपा मराठी लोगों के स्वाभिमान की रक्षा करेगी और साथ ही गैर-मराठी निवासियों की भी सुरक्षा करेगी। भाजपा नेता ने कहा कि मराठी उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ता भायंदर क्षेत्र में एक दुकानदार की पिटाई करते नजर आए। दुकानदार ने मराठी में बात करने से मना कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने मनसे के सात कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। हालांकि, उन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया।



भाजपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने इस पर आपत्ति जताई थी कि 'हिंदुओं' को मराठी न बोलने के कारण निशाना बनाया जा रहा है'। वहीं, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता और मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा था कि मराठी पर केवल मनसे का एकाधिकार नहीं है।

### 'हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे कुछ नेता'

जब शेलार से मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, पहलगाम में आतंकियों ने गोली मारने से पहले धर्म पूछा था। यहां लोगों पर उनकी भाषा के आधार पर हमले किए जा रहे हैं। यह बेहद निराशाजनक है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि राज्य देख रहा है कि कैसे कुछ नेता अन्य हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे हैं।

## निवेशक से पिटाई के मामले में पांच मनसे कार्यकर्ता गिरफ्तार

मनसे के पांच समर्थकों को शनिवार को मुंबई के वर्ली इलाके में एक निवेशक सुशील केडिया के कार्यालय पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया गया। केडिया ने मराठी सीखने से इनकार किया था और राज ठाकरे को 'क्या करेगा बोल' जैसी चुनौती सोशल मीडिया पर दी थी। घटना के कुछ घंटे बाद, केडिया ने अपने पोस्ट के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्होंने अधिक प्रतिक्रिया दे दी थी। साथ ही उन्होंने राज ठाकरे की प्रशंसा भी की।

# व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाने
# छत्तीसगढ़ चेंबर ने की कार्यशाला, किया जागरूक

जतिन नचरानी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 4 जुलाई 2025 को चेंबर कार्यालय, बाम्बे मार्केट, रायपुर में व्यापारियों के लिए साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाने और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने के लिए जागरूक करना था। उन्होंने डिजिटल युग में साइबर खतरों की गंभीरता पर चिंता जताते हुए कहा कि व्यापारी समुदाय को इन खतरों से बचाने के लिए जागरूकता जरूरी है।



मुख्य अतिथि रायपुर क्राइम ब्रांच के सतीश पुरिया ने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के उपाय सुझाए। कायर्शाला में तीन विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी। साइबर एक्सपर्ट चिंतामणि साहू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े साइबर खतरों और बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला, जबकि नितेश राजपूत ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रकार और उनसे बचने की सावधानियों पर जोर दिया। कायर्शाला में उपस्थित व्यापारियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति गहन रुचि दिखाई। कार्यक्रम का संचालन कायर्कारी महामंत्री कपिल दोशी ने किया, और चेंबर मंत्री प्रशांत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। अतिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन और प्रभारी उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा, कन्हैया महतो, योगेश होतवानी, मंत्री प्रशांत गुप्ता, राकेश वाधवानी, जितेंद्र जैन, राजीव जैन और मुकेश पटेल रहे। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, सतीश पुरिया, उप निरीक्षक, रायपुर क्राइम ब्रांच, गणेश मलानी साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट, चिंतामणी साहू साइबर एक्सपर्ट ए आई, साइबर एक्सपर्ट फ्राड नितेश राजपूत, सलाहकार गुरजीत सिंग संधू, लखमशी पटेल, कायर्कारी अध्यक्ष राधा किशन सुंदरानी, कायर्कारी महामंत्री कपिल दोशी , विकास आहूजा, उपाध्यक्ष लोकेश जैन , नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, राजकुमार तारवानी,महेंद्र बागरोडिया, लखविंदर सिंह,सोनिया साहू, जतिन नचरानी, जितेंद्र शादिजा ,सुदेश मध्यान, जितेंद्र जैन, सुनील कुकरेजा, महेंद्र तलरेजा,जयचंद नवानी, शांतिलाल बजाज,अजय जयसिंग ,राजेश गुरनानी, राजकिशोर नत्थानी, मंत्री राकेश (जनक) वाधवानी, राजीव जैन, प्रशांत गुप्ता, आकाश धावना , भरत पमनानी, सतीश बागड़ी,लोकेश साहू,राजेंद्र पारख, महेश जेठानी, पंकज जैन, डॉ.मनीष गुप्ता, निखिल जावेरी, रितेश वाधवा, पंकज छीजवानी, जितेंद्र जैन, आलोक शर्मा, धनेश मटलानी, अमर बरलोटा, विनोद पहावा, सदस्य रवि सचदेव, गोविंद वाधवानी दल्ली राजहरा, दौलत परयानी, अरुण छाबड़ा, अमर परचानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सभी व्यापारियों और उद्योगपतियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी बाल श्रमिक को काम पर न रखें।

8 जुलाई को चेंबर भवन से अपर श्रम आयुक्त छ.ग. शासन श्री एस.एल. जांगड़े जी के मुख्य आतिथ्य में शुरू होगा प्रदेश स्तरीय अभियान, यह प्रदेश स्तरीय बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान 8 जुलाई, 2025 से शुरू होगा। इसका उद्देश्य बाल श्रम के कानूनी प्रावधानों और इसके दुष्परिणामों के बारे में लोगों और व्यापारियों को शिक्षित करना है।





इस जागरूकता अभियान के समन्वयक हैं कार्यालय प्रभारी दिलीप इसरानी, कार्यक्रम संयोजक, चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोत सिंघानी, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी एवं विकास आहूजा हैं।

इस कार्यक्रम के सह संयोजक विकास पंजवानी , हरि तलरेजा , रवि सचदेव , हितेश रायचूरा ,सुनील वाधवा , मनीष मोटवानी , पंकज चिजवानी, निखिल झावेरी, निलेश जैन ,जितेंद्र जैन ,सतीश बागड़ी, मनोज अग्रवाल , महेश जेठानी हैं।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, विकास पंजवानी, जितेंद्र शादीजा, मंत्री सतीश बागड़ी, निखिल जावेरी, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोतसिंघानी, अजय जयसिंघानी ,आशीष वासवानी, रवि सचदेव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक मूणत जन चौपाल के ज़रिए नागरिकों से करेंगे संवाद



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब जनप्रतिनिधि जनता के बीच सीधे संवाद स्थापित करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत 10 जुलाई से जन चौपाल की शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसमें वे अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जाकर नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुनेंगे।

राजेश मूणत ने इस संबंध में रायपुर नगर निगम के जोन 1, 5, 7 और 8 के आयुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि जन चौपालों के दौरान लोक निर्माण विभाग, जल प्रदाय, विद्युत, सफाई, राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड, राजस्व विभाग और नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहें, ताकि लोगों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके।

राजेश मूणत ने बताया कि जन चौपाल का उद्देश्य जनता के द्वार, समाधान एक बार की भावना के अनुरूप है। इससे आम लोगों की दिक्कतों को समझने और समाधान करने में आसानी होगी।

### जन चौपाल कार्यक्रम का शेड्यूल इस प्रकार है:

10 जुलाई, शाम 4 बजे – वीर सावरकर वार्ड, हीरापुर, पार्षद कार्यालय के सामने सामुदायिक भवन।

11 जुलाई, शाम 4 बजे– माधवराव सप्रे वार्ड, रायपुरा, पार्षद कार्यालय।

12 जुलाई, दोपहर 12 बजे – वीर शिवाजी वार्ड, शीतला मंदिर प्रांगण।

12 जुलाई, शाम 4 बजे– ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, डंगनिया स्कूल प्रांगण।

13 जुलाई, दोपहर 12 बजे– संत रविदास वार्ड, सरोना, पार्षद कार्यालय।

14 जुलाई, शाम 4 बजे – ठक्कर बापा वार्ड, गांधी नगर, मुर्रा भट्ठी।

उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे इस जन संवाद में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी बात खुलकर रखें।

राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद जनता को प्रशासन से जोड़ने की यह एक अहम पहल मानी जा रही है। मूणत के इस जन संवाद कार्यक्रम को क्षेत्रीय स्तर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।




स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444